मृदुभाषी
सच्ची खबरें, सलीके के साथ
इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित
facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com
इंदौर, रविवार, 19 मई 2024
नगर संस्करण, वर्ष: 04, अंक: 267, पृष्ठ : 08, मूल्य: 5.00 रुपए

### तीस हजारी कोर्ट ने खारिज की बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका

# केजरीवाल के सहयोगी को भी जेलयोग

### आप सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ कथित रूप से मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने खारिज कर दी है। इसके बाद अब वे फिलहाल बाहर नहीं आ पाएंगे।

इससे पहले कोर्ट में बिभव कुमार का पक्ष रखने वाले वरिष्ठ वकील एन. हरिहरन ने सुनवाई के बारे में जानकारी देते हुए बताया था कि मैंने दलील दी कि उनके खिलाफ कोई मामला नहीं है और यह अंतरिम जमानत का मामला है... मैंने अग्रिम जमानत की वकालत की है क्योंकि उउळश फुटेज और कवरेज में जो देखा गया है वह सब मालीवाल द्वारा तीन दिन बाद दर्ज कराए गए बयान में नहीं बताया गया है। हालांकि अदालत ने उनकी इन दलीलों को नहीं माना और बिभव कुमार को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। इससे पहले दिल्ली पुलिस की एक टीम दोपहर में कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के लिए मुख्यमंत्री आवास से सिविल लाइंस थाने लेकर गई थी, जहां उन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।



#### गिरफ्तारी से पहले भेजा था एक मेल

बिभव ने अपनी गिरफ्तारी से पहले दिल्ली पुलिस को एक मेल भेजा था। जिसमें उन्होंने कहा कि वह जांच में पहले से ही सहयोग कर रहे हैं, जबकि उन्हें पुलिस से कोई नोटिस नहीं मिला है। बिभव ने मेल में लिखा, मुझे मीडिया के माध्यम से यह ज्ञात हुआ है कि सिविल लाइन्स थाने में एक मामला दर्ज किया गया है, जिसमें मुझे आरोपी के रूप में नामजद किया गया है। जबकि मुझे अब तक कोई नोटिस नहीं मिला है, फिर भी मैं स्पष्ट रूप से यह बयान देता हूं कि मैं जांच में सहयोग करने को तैयार हूं और मामले के जांच अधिकारी द्वारा जब भी मुझे बुलाया जाता है, मैं जांच में शामिल होने के लिये तैयार हूं। बिभव ने इस मेल में मालीवाल के खिलाफ अपनी ओर से की गयी शिकायत का भी उल्लेख किया। उन्होंने लिखा, अनुरोध है कि शिकायत को रिकॉर्ड पर दर्ज किया जाए और कानून के मुताबिक उसकी जांच-पड़ताल की जाए।

#### बिभव पर सांसद मालीवाल से मारपीट का आरोप

आप सांसद स्वाति मालीवाल ने बिभव कुमार पर 13 मई सोमवार को उनके साथ सीएम हाउस में मारपीट करने का आरोप लगाया था। स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को इस संबंध में आरोपी बिभव कुमार के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद से ही दिल्ली पुलिस की कई टीमें बिभव कुमार को तलाश कर रही थीं। आप की राज्यसभा सांसद द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में बिभव कुमार कई बेहद गंभीर और सनसनीखेज आरोप लगाए गए हैं। दिल्ली पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, बिभव कुमार ने कथित तौर पर स्वाति मालीवाल को कई बार लात और थप्पड़ मारे।

#### पुलिस ने रीक्रिएट किया सीन

इस मामले में गुरुवार को शिकायत दर्ज होने के बाद शुक्रवार को पुलिस की टीम स्वाति मालीवाल को लेकर मुख्यमंत्री आवास पहुंची थी, जहां उन्होंने मालीवाल से कथित वारदात वाले दिन की जानकारी लेते हुए उस दिन का सीन रीक्रिएट किया था। साथ ही कौन कहां खड़ा था इस बारे में भी पूछताछ की थी। इस मामले को लेकर सबूत जमा करने के लिए पुलिस टीम अपने साथ फोरेंसिक विशेषज्ञों को भी साथ लेकर सीएम हाउस पहुंची थी।

#### बिभव ने भी की मालीवाल के खिलाफ शिकायत

आप सांसद द्वारा एफआईआर कराने के बाद शुक्रवार को केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने भी स्वाति मालीवाल के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि मालीवाल ने 13 मई को मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा में सेंध लगाकर अनधिकृत प्रवेश और वहां हंगामा किया था। पार्टी ने कहा कि जब कुमार ने मालीवाल को रोकने की कोशिश की तो आप सांसद ने उन्हें गालियां देने के साथ ही झूठे केस में फंसाने की धमकी दीं थीं। इस मामले में कुमार ने सिविल लाइंस पुलिस थाने के रत्नड को एक ई-मेल के माध्यम से भेजी शिकायत में कहा कि अब मालीवाल झूठे आरोप लगाकर उन्हें फंसाने की कोशिश कर रही हैं।

## केजरीवाल बोले: जेल का खेल न खेलें पीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को शाम पांच बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोला। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कल दोपहर 12 बजे भाजपा मुख्यालय अपने सभी विधायकों और एमपी व पार्टी के सभी बड़े नेताओं के साथ आ रहे हैं। पीएम मोदी जिस-जिस नेता को गिरफ्तार करना चाहते हैं उन्हें गिरफ्तार कर सकते हैं। यह आप के सभी नेताओं को जेल में डालना चाहते हैं। केजरीवाल ने कहा कि मोदी अब सौरभ, आतिशी और मेरे पीए को जेल में डालना चाहते हैं। प्रधानमंत्री, एक-एक करके क्या आप हम लोगों को गिरफ्तार कर रहे हैं? एक साथ सभी को गिरफ्तार कर लीजिए। आप देख सकते हैं कि वे किस तरह से 'आप' के पीछे पड़े हैं। मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहूंगा। आप यह 'जेल का खेल' खेल रहे हैं। हालांकि उन्होंने स्वाति मालीवाल को लेकर कुछ भी नहीं कहा। इससे पहले माना जा रहा था कि केजरीवाल अपने निजी सचिव बिभव कुमार को लेकर अपनी देश के सामने रखेंगे। बता दें कि आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी के मामले में बिभव कुमार को शनिवार को ही दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



#### केजरीवाल और बिभव की दोस्ती वर्षों पुरानी

केजरीवाल और बिभव की दोस्ती वर्षों पुरानी है। साल 2015 में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बने बिभव कुमार लंबे समय से सीएम के साथ हैं। बिभव का ताल्लुक बिहार से है। पार्टी सूत्र बताते हैं कि अरविंद केजरीवाल के साथ बिभव की दोस्ती वर्षों पुरानी है। बिभव कुमार वीडियो जर्नलिस्ट के तौर पर काम किया करते थे। उनकी मुलाकात अरविंद के साथ हुई और वह इंडिया अगेंस्ट करप्शन मैग्जीन के लिए काम करने लगे। इंडिया अगेंस्ट करप्शन संस्था ने ही साल 2011 में देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। बिभव शुरू से ही अरविंद के रोजाना के कार्यक्रम व दूसरे काम को देख रहे थे। सरकार बनने के बाद भी वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दैनिक काम देखा करते थे। हालांकि सतर्कता विभाग ने कुछ सप्ताह पहले ही उनकी नियुक्ति को रद्द कर दिया था।

#### बिभव ने की थी स्वाति की शिकायत

बिभव कुमार ने भी शुक्रवार को स्वाति मालीवाल के खिलाफ ई-मेल से शिकायत दी थी। उन्होंने सिविल लाइंस के एसएचओ और उत्तरी जिले के डीसीपी को शुक्रवार को ई-मेल किया। इसमें उन्होंने स्वाति मालीवाल पर उनके और सुरक्षाकर्मियों के साथ बदसलूकी करने को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है। बिभव का कहना है कि स्वाति मालीवाल बिना किसी की अनुमति के जबरदस्ती मुख्यमंत्री आवास में घुस गई थीं। जब उनको आवास में मौजूद पुलिसकर्मियों ने रोका तो उन्होंने उन सभी को धमकी दी। उनसे ऊंची आवाज में बहस की। मालीवाल के सभी आरोप निराधार हैं। शिकायत में यह भी लिखा कि स्वाति सीएम के ड्राइंग रूम में जबरदस्ती घुसी थीं।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण मांगा से जवाब

## खाद्य पदार्थों में कीटनाशक के इस्तेमाल पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने खाद्य फसलों और खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों और अन्य रासायनिक पदार्थों के उपयोग पर चिंता व्यक्त करने वाली याचिका पर केंद्र और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से जवाब मांगा है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस संबंध में पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय, कृषि मंत्रालय और एफएसएसएआई को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत पर्यावरणविद् और वकील आकाश वशिष्ठ द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि कीटनाशक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन देश भर में कैंसर और अन्य घातक बीमारियों का प्राथमिक कारण बन गया है। याचिका में कहा गया है कि खाद्य फसलों और खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों और अन्य रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग/अति उपयोग, कृत्रिम रंग, दालों, खाद्यान्न और अन्य वस्तुओं की कोटिंग और वैक्सिंग के कारण देश भर में बड़ी संख्या में मौतें हो रही हैं। याचिका में कहा गया है कि कीटनाशक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन देश भर में कैंसर और अन्य घातक बीमारियों का प्राथमिक और प्रमुख कारण बन गया है।



याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अनीता शेनॉय ने शीर्ष अदालत से कहा कि याचिकाकर्ता ने देशभर से आंकड़े एकत्र किए हैं जो कीटनाशकों के कारण होने वाली मौतों की बहुत बड़ी संख्या दिखाते हैं। उन्होंने कहा, ह्लकीटनाशकों पर अंकुश लगाने और उन्हें नियंत्रित करने तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एफएसएसएआई पूरी तरह विफल रहा है। शेनॉय ने शीर्ष अदालत को बताया, कीटनाशकों और कैंसर के बीच सीधा वैज्ञानिक और चिकित्सकीय संबंध है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्कूलों की अनूठी पहल

## वोट देकर माता-पिता बच्चों के बढ़ाएंगे 10 अंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान 20 मई को होगा। वोटिंग का प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग लगातार कोशिशों में जुटा हुआ है। वहीं इस पहल में स्कूल भी योगदान दे रहे हैं। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए लखनऊ के स्कूलों ने अनोखी पहल की है। इस पहल के अनुसार माता पिता ने यदि मतदान किया है तो उनके बच्चों परीक्षा में 10 एक्स्ट्रा मार्क्स दिए जाएंगे। वहीं चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले स्कूल स्टाफ को एक दिन की अतिरिक्त सैलरी प्रदान की जाएगी। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सेंट जोसेफ कॉलेज ने पांचवे चरण में 20 मई को जिन स्टूडेंट्स के माता पिता वोट डालने जाएंगे। उन्हें 10 अतिरिक्त नंबर दिए जाएंगे। स्कूल प्रशासन के अनुसार ये 10 नंबर किसी एक सब्जेक्ट में या फिर मिलाजुलाकर टोटल में भी जुड़ सकते हैं। यही नहीं, सेंट जोसेफ के स्टाफ के लोग चुनाव मतदान प्रक्रिया का हिस्सा बनते हैं, तो उन्हें एक दिन की ह्यएक्स्ट्रा सैलरीह्व भी प्रदान की जाएगी।



#### 20 मई को यूपी की 13 सीटों पर मतदान

लखनऊ में 20 मई को पांचवे चरण का मतदान होना है। सात चरणों में होने वाली मतदान प्रक्रिया के चार चरण पूरे हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश में राजधानी लखनऊ सहित 13 सीटों पर मतदान होगा। इनमें मोहनलाल गंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा सीटें शामिल हैं। इसके बाद 25 मई को छठे चरण की वोटिंग और सातवें चरण की वोटिंग 1 जून को होगी। परिणाम 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

#### स्याही दिखाने के लिए स्कूल आना होगा

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से यूपी की राजधानी लखनऊ के ही एक और शिक्षण संस्थान क्राइस्ट चर्च कॉलेज ने भी अभिनव पहल की है। इस स्कूल ने भी अपने उन स्टूडेंट्स को 20 अतिरिक्त अंक देने की घोषणा की है, जिनके पैरेंट्स 20 मई को होने वाले मतदान में हिस्सा लेंगे।

### आईसीआईसीआई की नींव रखने वाले दिग्गज बैंकर नारायणन वाघुल का निधन

**नई दिल्ली।** वित्तीय समूह आईसीआईसीआई की नींव रखने वाले दिग्गज बैंकर नारायणन वाघुल का शनिवार को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। वह गंभीर हालत में चेन्नई के अपोलो अस्पताल में पिछले दो दिनों से वेंटिलेटर पर थे। उनके परिवार के सदस्य ने मीडिया को बताया कि गिरने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वे बेहोश थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं। नारायणन वाघुल ने भारतीय स्टेट बैंक में अपना करियर शुरू किया था। वे महज 44 साल की उम्र में एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकझ्र बैंक ऑफ इंडिया के सबसे कम उम्र के चेयरमैन बने। हालांकि उन्होंने नौकरशाहों के हस्तक्षेप से नाराज होकर बैंकिंग छोड़ दी थी। राजीव गांधी की सरकार के दौरान उन्हें आईसीआईसीआई बैंक का प्रमुख बनने के लिए कहा गया था। वाघुल को वाणिज्य और व्यापार के क्षेत्र में योगदान के लिए वर्ष 2010 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया।

### किसान के बंद खाते में आए 99 अरब रुपए, बैंककर्मियों के भी उड़े होश

**भदोही।** यूपी के भदोही जिले में एक किसान रातों रात अरबपति बन गया। मामला दुर्गागंज थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव का है। यहां के रहने वाला किसान भानु प्रकाश बिंद का सुरियावां के बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण बैंक में खाता है, जो पिछले कई दिनों से बंद पड़ा था। 16 मई को उसके मोबाइल पर बैंक का एक मैसेज आया। उसमें लिखा था कि उसके खाते में 99999495999.99 रुपये (99 अरब 99 करोड़ 94 लाख 95 हजार 999 रुपये) धनराशि जमा हुई है। यह सुनते ही भानु प्रकाश दंग रह गया। वह सोच में पड़ गया कि इतने सारे पैसे कहां से और किसने जमा किए हैं। रुपयों की हकीकत जानने के लिए किसान सीधे बैंक पहुंचा। किसान जैसे ही बैंक कर्मियों को रुपये जमा होने की जानकारी दी तो अफरा-तफरी मच गई। बैंक के प्रभारी बैंक मैनेजर आशीष तिवारी ने बताया कि खाता धारक भानु प्रताप की केसीसी खाता था।

### बद्रीनाथ से खरगोन लौट रहे दर्शनार्थियों का वाहन पलटा, दो की मौत, सात घायल

**शाजापुर।** मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम पनवाड़ी के पास फोरलेन पर शनिवार की सुबह सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पनवाड़ी में आवारा पशु को बचाने के चक्कर में एक चार पहिया तूफान वाहन पलट गया। इसमें एक महिला की मौके पर और एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, सात लोग घायल हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है।



घटनाक्रम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 और डायल हंड्रेड की टीम ने एक मृतक महिला और सभी घायलों को उपचार के लिए शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान एक और महिला की मौत हो गई। वहीं, दो लोगों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें प्राथमिक उपचार के पश्चात इंदौर के लिए रेफर किया गया है और बाकी शेष सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि उक्त हादसे में शिकार हुए लोग बद्रीनाथ से दर्शन कर सिंगुण गांव तहसील कसरावद जिला खरगोन लौट रहे थे। उसी दौरान शाजापुर जिले के पनवाड़ी में यह हादसा घटित हुआ, जिसमें एक महिला की मौके पर और एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### अदाकारी | साउथ के कलाकार सत्यराज अब बायोपिक में दर्शकों का दिल जीतने को तैयार

## अब पीएम मोदी की भूमिका में नजर आएंगे बाहुबली के कटप्पा!

**नई दिल्ली, एजेंसी**

साउथ अभिनेता अपनी दमदार अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। वे कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके हैं। उन्होंने प्रभास अभिनीत फिल्म फ्रेंचाइजी बाहुबली में कटप्पा का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया था। यह सत्यराज के करियर की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका थी। वहीं, अब चर्चा है कि सत्यराज एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं।

दरअसल, सोशल मीडिया पर अभिनेता की अगली फिल्म को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वे अगली बार बायोपिक में नजर आने वाले हैं और खबर है यह कि बायोपिक में सत्यराज वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, ये अफवाहें इंटरनेट पर तेजी से फैली हुई हैं। अभी इन खबरों की पुष्टि होना बाकी है। यदि ऐसा होता है तो सत्यराज को पीएम मोदी की भूमिका में देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होगा।



#### कई सितारे निभा चुके पीएम मोदी का किरदार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन के बारे में बनने जा रही यह कोई पहली फिल्म नहीं होगी। इससे पहले भी पीएम मोदी का किरदार कई सितारे निभा चुके हैं। बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने 2019 की पीएम मोदी की जीवनी पर आधारित फिल्म पीएम नरेंद्र मोदी में उनका किरदार निभाया था। इसके साथ महेश ठाकुर समेत अन्य सितारे में पर्दे पर पीएम मोदी बन चुके हैं।

#### इस साल शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

वहीं चर्चा है कि सत्यराज जिस फिल्म में पीएम मोदी का किरदार निभाने वाले हैं, उसकी शूटिंग इस साल शुरू हो जाएगी। हालांकि, फिल्म से जुड़ी अन्य जानकारी फिलहाल गुप्त रखी गई है। फिल्म के अन्य कलाकार और क्रू और तकनिकी टीम के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। बाहुबली में कटप्पा की भूमिका निभाने के बाद से सत्यराज अपनी आगामी साउथ फिल्मों फिल्मों को लेकर व्यस्त हैं।

महू के मंदिर में साधु बनकर रह रहा था आरोपी, गाड़ी तक पहुंचते ही पुलिस ने पकड़ लिया

# भक्त बनकर पहुंची पुलिस ने मांगा आशीर्वाद और हत्यारे को धरदबोचा

**इंदौर।** सागर पुलिस ने 13 साल से फरार जिस शख्स को पकड़ा है, उसे हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा मिल चुकी थी। वह इंदौर के महू स्थित मंदिर में साधु बनकर छिपा था। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए एक दिन रेकी की। प्लान के तहत रात में पुलिस भक्त बनकर पहुंची। कहा- बाबा, मां की तबीयत खराब है। गाड़ी में चलकर आशीर्वाद दे दो। जैसे ही आरोपी गाड़ी तक पहुंचा, पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

आरोपी हिब्बू उर्फ प्रभुदयाल है। उसने 1991 में साथी के साथ मिलकर जमीन विवाद में एक युवक की हत्या कर दी थी। इसी मामले में साल 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। हालांकि, दूसरा आरोपी उम्मू उर्फ उमाशंकर तिवारी गिरफ्त से बाहर है। देवरी थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया, छ्यछानबीन के दौरान पता चला कि आरोपी प्रभुदयाल का परिवार रहली के पास रहता है। उनकी जमीन भी है। जानकारी निकाली, तो जमीन बेटे के नाम पर मिली। जमीन ट्रांसफर होने के डॉक्यूमेंट्स की जांच की गई। इसमें आरोपी हिब्बू की फौती लगी थी। इसमें लिखा था कि पिता प्रभुदयाल कई साल पहले कहीं चले गए हैं, जो वापस नहीं आए। पुलिस ने बेटे की जानकारी खंगाली तो पता चला कि वह मुंबई के पालघर इलाके में रहता है। वह यहां मजदूरी करता है। बेटे से संपर्क कर आरोपी प्रभुदयाल से जुड़ी जानकारी जुटाई। बेटे से आरोपी का मोबाइल नंबर लिया। साइबर सेल ने नंबर की लोकेशन ट्रैस की। आरोपी की लोकेशन इंदौर के महू के जाम गेट के पास बने पार्वती मंदिर की मिली। हालांकि, पुलिस ने बेटे का नाम का खुलासा नहीं किया है।



### 13 साल से फरार था आरोपी

पुलिस टीम 14 मई को जाम गेट के पार्वती मंदिर पहुंच गई। वहां 12 से ज्यादा साधु थे। उन्हीं के बीच आरोपी प्रभुदयाल बाबा बनकर छिपा था। उसे पहचानने की चुनौती भी थी। क्योंकि आरोपी करीब 13 साल से फरार था। हुलिया और हाइट के आधार पर पुलिस को एक शख्स पर शक हुआ। दिनभर पुलिस ने मंदिर परिसर में रेकी की। गांववालों से भी पूछताछ की। इसके बाद शाम को उसे पकड़ने की योजना बनाई।

### मंदिर में अंधेरा होने का किया इंतजार

पुलिस टीम मंदिर में अंधेरा होने का इंतजार करने लगी। क्योंकि मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच आरोपी को पकड़ने में पुलिस को विरोध का सामना करना पड़ सकता था। अंधेरा होते ही एक जवान आरोपी के पास पहुंचा। कहा- बाबा मेरी मां की तबीयत खराब है। वो गाड़ी में बैठी हैं। आप चलकर आशीर्वाद दे दो। जैसे ही, बाबा गाड़ी के पास आशीर्वाद देने आए, पुलिस ने पकड़ लिया। गाड़ी में बैठाकर इंदौर की ओर चले गए।

### पहचान छिपाने के लिए आधार भी बनवा लिया था

फरारी के दौरान आरोपी हिब्बू कई धार्मिक स्थलों पर घूमता रहा। करीब 12 साल पहले वह जाम गेट के पास स्थित पार्वती मंदिर पहुंचा था। यहां स्थानीय निवासी बनकर साधु की वेशभूषा में रहने लगा। पहचान छिपाने के लिए आधार भी बनवा लिया था, लेकिन आधार में सरनेम छिपाया। दाढ़ी और सिर के बाल भी बढ़ा लिए। उसने हिब्बू उर्फ प्रभूदयाल होने से मना कर दिया। पूछताछ में वह गुमराह करने लगा। सख्ती से पूछताछ की, तो आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया। मामले में आरोपी उम्मू उर्फ उमाशंकर तिवारी अभी फरार है। एसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए पांच बार कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

### पीट-पीटकर की थी हत्या, मिली थी उम्रकैद

सागर के देवरी में साल 1991 में बाबूलाल (34) पिता चंद्रभान पचौरी निवासी ग्राम मछरिया के मवेशी आरोपी वारंटी उम्मी उर्फ उमाशंकर पिता दशरथ तिवारी के खेत में घुस गए थे। इसी के चलते आरोपी उम्मी उर्फ उमाशंकर और हिब्बू उर्फ प्रभुदयाल पिता गया प्रसाद पचौरी ने बाबूलाल की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। मामले में देवरी पुलिस ने केस दर्ज कर जिला न्यायालय में चालान पेश किया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया था। इसी बीच, पीड़ित परिवार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने 4 फरवरी 2011 में दोनों को उम्रकैद सुनाई।

### सुप्रीम कोर्ट ने जारी किए थे गिरफ्तारी वारंट

आदेश जारी होने के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। करीब दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के गिरफ्तारी वारंट जारी किए। इसके बाद देवी पुलिस हरकत में आई। एसपी अभिषेक तिवारी ने आरोपियों को गिरफ्तार करने टीम गठित की। एसपी ने बताया कि इससे पहले भी आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका है।

# इंदौर में टोल कर्मचारी पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश

बैरिकेड्स तोड़कर निकाल ले गए गाड़ियां, धमकी भी दी

**इंदौर।** इंदौर-उज्जैन टोल पर मारपीट और विवाद का नया मामला सामने आया है। अब टोल कर्मचारियों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की गई। पूरी घटना टोल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। वीडियो में दिख रहा है कि टोल कर्मचारियों को ड्राइवर धमका रहे हैं। टोल टैक्स नहीं देने का भी दावा कर रहे हैं।

टोल वसूली का टेंडर निजी कंपनी को मिलने के बाद कुछ वाहन मालिकों ने टोल सुपरवाइजर को नंबर सहित वाहनों की लिस्ट सौंप दी है। कहा है कि इन गाड़ियों को टोल-फ्री ही रखें। तब यह लिस्ट थाने में देते हुए शिकायत की गई थी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई थी। ताजा मामले में भी पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंपे गए हैं। बाणगंगा टीआई लोकेश भदौरिया का कहना है कि पहले भी हमने थाने बुलवाकर कार्रवाई की थी। कर्मचारियों को कहा है वो एफआईआर दर्ज कराएं। अभी शिकायत आई है कार्रवाई कर रहे हैं।



### वसूली में सख्ती के बाद से हो रहे विवाद

बारोली स्थित इंदौर-उज्जैन टोल का जिम्मा पहले एमपीआरडीसी (मप्र रोड डेवलपमेंट कॉपोरेशन) के पास था। मुफ्तखोरी के चलते कॉर्पोरेशन को नुकसान हो रहा था। यहां हर महीने टोल नहीं देने के चलते लाखों रुपए का नुकसान झेलना पड़ता था। 1 मार्च 2024 को मुंबई की निजी कंपनी को टोल का ठेका सौंपा गया। टोल कर्मचारियों द्वारा टैक्स वसूली में सख्ती दिखाने के बाद से यहां विवाद की स्थितियां बन रही हैं। 4 मई को यहां सुपरवाइजर दीपक दिघे से मारपीट की गई। तब तीन लोगो पर केस दर्ज हुआ था। इस टोल के निजी हाथों में जाने के बाद कथित दबंग लोगों ने 85 कॉमर्शियल वाहनों की लिस्ट सुपरवाइजर को दी। कहा कि हमारी इन गाडियों को टैक्स फ्री रखो। टोल कंपनी ने इससे इनकार कर दिया। कंपनी की तरफ से वाहनों की लिस्ट सहित एक शिकायती आवेदन बाणगंगा थाने में देकर कार्रवाई की मांग की गई। अब तक एक्शन नहीं हुआ है।

### पुलिस में शिकायत के बाद कर्मचारियों से होने लगी बदसलूकी

पुलिस को शिकायत के बाद से यहां कर्मचारियों के साथ अभद्रता और बदसलूकी की घटनाएं हो रही हैं। कॉमर्शियल वाहनों के ड्राइवर कर्मचारियों को धमका कर गाड़ी निकाल रहे हैं। अब यहां पर टोल कर्मचारियों पर बिना टोल दिए गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की गई। जिसमें सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। उक्त फुटेज पुलिस को भी सौंपे गए हैं। वही कंपनी के कर्मचारियों ने टोल नहीं देने वाले वाहन ड्राइवर के वीडियो भी बनाए हैं जो धमकी देकर गाड़ी मालिक और कंपनी का नाम बताकर टोल देने से इनकार रहे हैं।

डेढ़ साल में सौ से ज्यादा प्रजातियों के सरीसृप और पक्षी लाए गए

# चिड़ियाघर में जानवर को निहारने के लिए दर्शकों का टोटा

**इंदौर।** इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में दर्शकों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है। बीते वर्ष की तुलना में 74 हजार पर्यटक घट गए और तीस लाख रुपये की आय कम हुई थी। एनिमल एक्सचेंज के तहत सालभर में विदेशी प्रजातियों के कई जानवर लाए है,लेकिन उन्हें निहारने वाले नहीं मिल रहे हैं।

चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव, चिड़ियाघर बताते है कि पिछले कुछ सालों में चिड़ियाघर में जानवरों और पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ी हैं, सोमवार को चिड़ियाघर बंद रहता है। इस साल 15 अगस्त और 26 जनवरी सहित कई त्योहार सोमवार को आए। ऐसे में पर्यटकों की संख्या बढ़ती है। उस दिन साप्ताहिक अवकाश रहने से पर्यटकों की संख्या और आय में कमी हो गई। पिछले साल विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान को बढ़ाने के उद्देश्य से चिड़ियाघर में निशुल्क प्रवेश दिया गया था। इससे कमाई पर थोड़ा असर पड़ा है।




### जामनगर से लाए गए 300 जानवर

चिड़ियाघर से बाघ-शेर और सियार सहित कई जानवरों को अन्य चिड़ियाघर में भेजा गया है, मगर गुजरात के जामनगर चिड़ियाघर में दो साल पहले 6 शेर और 5 बाघ एनिमल एक्सचेंज के तहत दिए गए। बदले में वहां से अक्टूबर-नवंबर 2022 से विदेशी पक्षियों व प्राणियों के आने का सिलसिला शुरू हुआ डेढ़ साल के भीतर सौ से ज्यादा प्रजातियों के सरीसृप और पक्षी लाए गए। इसमें स्कारलेट मकाऊ, ब्लू गोल्ड, लारी, बंगाल विच साहित करीब 300 जानवर है। अधिकांश जानवरों को बर्ड हाउस में पर्यटकों के निहारने के लिए रखा गया है।

### इस साल चिड़ियाघर ने पूरे किए 50 साल

इस साल चिड़ियाघर ने पचास साल पूरे किए हैं, इसे 1974 में स्थापित किया था। यहां 650 से ज्यादा प्रजातियों के 1500 से ज्यादा जानवर हैं। इनमें बाघ और शेरों वन्य जीव, पक्षी, सरीसृप शामिल हैं। एनिमल एक्सचेंज के तहत कई जानवर अन्य चिड़ियाघर में भेजे और लाए गए। वितिय वर्ष 22-23 में करीब 18 लाख दर्शक आए, जिससे साढ़े चार करोड़ की आय हुई। जबकि वित्तिय वर्ष 2023-24 में आए करीब साढ़े सत्रह लाख लोग आएं, जो 74 हजार लोग कम होने से सीधे 30 लाख रूपए का घाटा हुआ। अधिकारियों के अनुसार पर्यटक घटने से चिड़ियाघर की आय कम हुई है। 2020-21 और 2021-22 में 50 हजार से लेकर सवा लाख पर्यटक ही आते थे।

### इस तरह हुई चिड़ियाघर को आय

पर्यटक और कमाई की बात करे तो 2017-18 में 16668440 आय हुई। जिसमें 1521392 पर्यटक आएं। वहीं 2018-19 में 19645578 आय थी। जिसमें 1179270 लोग आए। इसके अलावा 2019-20 में 33099492 आय थी और 1517713 लोग थे। फिर 2020-21 में 14795151 रूपए सहित 590513 पर्यटक। 2021-22 - 30940208 आय- 1215915 पर्यटक,2022-23 में 47341022 आय 1867599 पर्यटक, 2023-24 में 44245655 आय 1793334 पर्यटक।

महाराष्ट्र की सॉफ्टवेयर कंपनी ने एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के नाम से किया फर्जीवाड़ा

# एप्पल कंपनी के डीलर से धोखाधड़ी

**इंदौर।** पलासिया में एप्पल कंपनी के डीलर के साथ धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने निजी कंपनी के दंपती और अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। महाराष्ट्र की सॉफ्टवेयर कंपनी और एजुकेशनल इंस्टीट्यूट ने करीब 2 करोड़ की धोखाधड़ी की है। पलासिया पुलिस के मुताबिक रितेश खंडेलवाल (एजिस इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड), निवासी तुलसी चैम्बर्स ओल्ड पलासिया की शिकायत पर महमद लुकमान मखदूम देसाई उनकी पत्नी नुसरत शोएब महमद मखदूम देसाई एच ए इंफ्रा-कान प्राइवेट लिमिटेड आफिस नंबर 204 , सर्वे नंबर 112/3 सिग्रेट हाउस पुलिस स्टेशन के सामने आलंदी रोड येरवडा पुणे, वसीम मोहम्मद पुत्र इशाक शेख, प्रथमेश पुत्र प्रकाश देशमुख, श्रीधरन गोपाल आयंगर, सादिक गुलाम करवंडीकर , रिजवान दस्तगीर करवंडीकर और शोएब महमद मखदूम देसाई के खिलाफ 406, 409, 420, 467, 468, 471 की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। रितेश खंडेलवाल ने बताया कि इंदौर की कम्पनी को पुणे (महाराष्ट्र) स्थित फर्म डब्ल्यू एम इनोवेटिव टेक्नोकॉन द्वारा संपर्क कर 2022 में माल भेजा था। रितेश के मुताबिक शोएब ने सोलापुर स्थित बाम्हदेव दादा माने इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी को माल भेजने की बात की गई। जिसमें प्रोडक्ट की सप्लाई की गई। इसमें एच ए इंफ्रा-कान ने पहले 33 लाख 90 हजार का माल बुलवाया, लेकिन पेमेंट नही किया। वहीं पुणे महाराष्ट्र की दूसरी कंपनी निओ ग्लोब मल्टी ट्रैडकाफ्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सादिक की तरफ से एजुकेशन इंस्टीट्यूट में एप्पल प्रोडक्ट की डिमांड करते हुए डील की गई। यहां भी लाखों का माल बुलाया गया। लेकिन पेमेंट नही किया गया।




### इंस्टीट्यूट आदेश निकला फर्जी

रितेश खंडेलवाल ने पुलिस ने बताया बाम्हदेव दादा माने इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी का जो डील का आदेश एलएलपी कंपनी द्वारा हमें बताया गया था। वह बाद में पता चला कि फर्जी है। इस संस्थान को माल भेजा ही नहीं गया। वह यहां भेजने की बजाय कहीं और दिया गया। उसका पेमेंट इंदौर की कंपनी को दिया ही नहीं गया। एलएलपी कंपनी ने इसी बीच 41 लाख का माल भी खरीदा। जिसमें कुल माल के बदले 20 लाख रुपए के लगभग ही जमा कराए गए। इस मामले में कंपनी से लगभग 70 लाख रुपए लेना बाकी है। इसके अलावा भी कंपनी की ओर से अलग-अलग फर्म बताते हुए लाखों रुपए का माल खरीदना बताया गया है। रितेश कंपनी से रुपए लेने पुणे भी गए। यहां काफी दिनों तक पेमेंट के लिए सभी लोगों से तकाजा किया। लेकिन उन्होंने पेमेंट नही दिया। बाद में उन्होंने इंदौर पुलिस के वरिष्ठ अफसरों को शिकायत की। इस पर पलासिया पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

### ट्रेवल्स पर पार्सल को लेकर स्टूडेंट और उसके दोस्त को पीटा

**इंदौर।** इंदौर के तुकोगंज स्थित हंस ट्रेवल्स के ऑफिस पर हाईकोर्ट में इंटर्नशिप कर रहे स्टूडेंट और उसके दोस्त के साथ मारपीट की गई। दोनों दोस्तों को पार्सल की बात पर कर्मचारियों ने बुरी तरह से पिटाई कर दी। आरोपियों ने पार्सल की रसीद फाड़ने के बाद पार्सल भी फेंक दिया। मामले में स्टूडेंट ने थाने आकर हंस ट्रेवल्स के कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक आकाश पुत्र प्रकाश दांगे निवासी शिवाजी नगर की शिकायत पर ढक्कन वाला कुआं स्थित हंस ट्रेवल्स के निखिल बघेल और एक अन्य साथी पर केस दर्ज किया गया है। आकाश दांगे ने बताया कि वह हाईकोर्ट से इंटर्नशिप कर रहा है। अपने दोस्त जैनिथ छबलानी को लेकर उसके भाई का पार्सल लेने शुक्रवार को वह हंस ट्रेवल्स के ऑफिस पहुंचा था। यहां निखिल बघेल मिला। उसे रसीद दिखाकर पार्सल मांगा।

10 दिनों से खेलने के बहाने ले जाता रहा था, फिर कर रहा था गलत काम

# 7 साल के बच्चे को पड़ोसी दिखाता था अश्लील वीडियो

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा में 7 साल के बच्चे के साथ गलत काम करने को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। उसके पड़ोस में रहने वाला एक लड़का करीब 10 दिन से उसे अपने घर खेलने के बहाने ले जाता और अश्लील वीडियो मोबाइल में दिखाकर गंदी हरकतें करता था। पुलिस ने रात में ही आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाले एक 7 साल के बच्चे के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पड़ोस में रहने वाले एक



युवक पर केस दर्ज किया है। बच्चे की मां ने अपनी जानकारी में बताया कि 15 मई की दोपहर बेटे ने कहा कि उसे भैया खेलने के लिये बुला रहे हैं। इस पर बेटे को जल्दी आने के लिये कहकर भेज दिया। काफी देर तक जब वह नहीं आया तो उसे लेने पहुंची। यहां पड़ोसी युवक के घर का दरवाजा और खिड़की बंद थी। खिड़की से झांककर देखने की कोशिश की तो कुछ समझ नहीं आया। फिर दरवाजा बजाकर बेटे को आवाज दी। पड़ोसी युवक ने बेटे को तुरंत बाहर निकाला। बेटे को घर ले जाकर पूछताछ की तो उसने बताया कि भैया उसे काफी दिनों से अश्लील वीडियो दिखाते हैं और उसके साथ गलत हरकतें करते हैं। बच्चे ने बताया कि भैया ने जान से मारने की धमकी दी थी और कहा था कि अगर किसी को बताएगा तो मम्मी-पापा मर जाएंगे। बच्चे की मां के मुताबिक उनके दो बेटे हैं। दंपती नौकरी करते हैं तो बच्चे दादी के पास रहते हैं। जिस युवक ने उनके बेटे के साथ गलत किया वह भी घर पर ही दोपहर में अकेला रहता है। 12 मई को पति ने भी बेटे को अकेले में ले जाने को लेकर आपत्ति ली थी।

इसे लेकर पति ने पत्नी से कहा था कि बेटे का ध्यान रखना। लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। परिवार ने बताया कि आरोपी करीब 10 से 12 दिनों से बेटे के साथ गंदी हरकत कर रहा था। बदनामी के डर से वह थाने नहीं गए। लेकिन बाद में हिम्मत जुटाई ओर थाने जाकर मामले में कार्रवाई की है।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश का वकीलों ने किया विरोध, बांह पर पट्टी बांध पहुंचे कोर्ट

इंदौर। इंदौर के न्यायिक इतिहास में पहली बार ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 से 30 जून तक घोषित किए जाने के खिलाफ वकील मुखर हो गए। शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में 550 से ज्यादा वकीलों ने काली व लाल पट्टी बांधकर इस फैसले का विरोध दर्ज कराया। जिन वकीलों ने काला कोट पहना था, उनकी बांह पर लाल पट्टी बांधी गई थी। वहीं जो वकील सफेद शर्ट पहनकर आए थे, उनकी बांह पर काली पट्टी बांधी गई थी। बार अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष श्रीराम भदौरिया के मुताबिक अब 24 मई को काला दिवस मनाया जाएगा।

# मृदुभाषी

सच्ची खबरें, सलीके के साथ

इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित

facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com इंदौर, रविवार, 19 मई 2024 नगर संस्करण, वर्षः 04, अंकः 267, पृष्ठ : 08, मूल्यः 5.00 रुपए


# इस मौसम में पहली बार 41 डिग्री पार हुआ पारा

## दिन का तापमान 41.3 डिग्री पर पहुंचा, दो दिनों में हो सकती है बूंदाबांदी

इंदौर। शहर में पिछले दो-तीन दिनों से मौसम अलग-अलग रंग दिखा रहा है। दिन में तेज धूप और उमस परेशान कर रही है तो शाम को बादल छाने के बाद बूंदाबांदी हो रही है। इसके बावजूद लोगों को भीषण गर्मी से राहत नहीं है। शनिवार को इस मौसम में पहली बार तापमान 41 डिग्री के पार पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक दो दिनों के भीतर फिर बूंदाबांदी के आासर नजर आ रहे हैं।

इंदौर में पिछले तीन दिनों से उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। दो दिन से दिन का तापमान 39 डिग्री से ज्यादा था। शनिवार को तापमान 41.3 (+1) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह इस सीजन का सबसे ज्यादा तापमान है। इस दौरान दिन में गर्म हवाओं और उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया। गुरुवार को दिन का तापमान 39.8 (-1) डिग्री और रात का तापमान 28 (+3) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। शुक्रवार को दिन का तापमान 39.9 (-1) और रात का तापमान 26.8 (+2) डिग्री सेल्सियस रहा। इसके पूर्व गुरुवार की रात इस सीजन की सबसे गर्म रात थी। इस बार भले ही दिन में गर्मी काफी है लेकिन मई के 17 दिनों में 11 दिन ऐसे रहे जब दिन का तापमान औसत से भी कम रहा। रात का तापमान 17 दिनों में दो बार औसत से कम रहा।



### नार्थ-ईस्ट राजस्थान के ऊपर साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम

सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के मुताबिक नार्थ-ईस्ट राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम है। वहां से एक ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। मध्य प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस ट्रफ लाइन के साथ एक्टिव है। एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर होगा। इसके चलते कहीं तेज गर्मी है तो कहीं बारिश-आंधी की संभावना है। इंदौर में एक-दो दिन तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव रहेगा। इस दौरान दोपहर बाद बादलों के छाने के साथ कहीं-कहीं बूंदाबादी या हल्की बारिश हो सकती है।

### कई जगह हीट वेव की आशंका, कहीं आंधी-बारिश का मौसम

18 मईः ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, श्योपुर, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में हीट वेव चल सकती है। वहीं, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, नरसिंहपुर, जबलपुर, उमरिया, कटनी, दमोह, सागर, पन्ना में आंधी-बारिश का मौसम रहेगा।

19 मईः श्योपुरकलां, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर और दमोह में गर्म हवाएं चलेंगी।

20 मईः ग्वालियर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, गुना, अशोकनगर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, खंडवा और हरदा में हीट वेव का असर रहेगा।

21 मईः ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, खंडवा और हरदा में गर्म हवाएं चलेंगी।

## आत्महत्या या हत्या : रणजीत सिंह कॉलेज में पढ़ता था छात्र, महिलाओं की तरह मेकअप से पुलिस हैरान, आसपास फैला था खून

# छात्र का फंदे पर लटका था शव दुल्हन की तरह कर रखा था श्रृंगार

इंदौर। शहर के रणजीत सिंह कॉलेज में बीएससी सेकंड ईयर के छात्र का शव फंदे पर लटका मिला। खंडवा नाका इलाके में शुक्रवार देर रात यह घटना हुई। छात्र ने महिलाओं जैसी साड़ी पहन रखी थी और उनकी तरह ही उसका मेकअप भी था। उसने दुल्हन की तरह श्रृंगार कर रखा था। पुलिस को प्रारंभिक रूप से मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। सुसाइड किया है या किसी ने मारकर लटकाया है, इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। उसके दोनों हाथ बंधे हैं और आंख पर पट्टी बंधी थी। शव के आसपास खून भी बिखरा मिला है।

पुलिस ने बताया कि पुनीत त्रिभुवन दुबे निवासी रायसेन (31) इंदौर में पढ़ाई के लिए आया था। खंडवा नाका इलाके की एक मल्टी में किराए से रूम में रह रहा था। पिता त्रिभुवन ने बताया शुक्रवार रात उसे कॉल किया था तो उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद उन्होंने इंदौर में ही रहने वाले एक परिचित से बेटे के घर जाकर बात कराने के लिए कहा था। इसके बाद इस घटना की जानकारी मिली।



### प्रत्येक बिंदु पर जांच कर रही पुलिस

मृतक ने साड़ी, चूड़ियां पहन रखी थी। आंखों पर पट्टी और हाथ भी बंधे थे। पिता त्रिभुवन दुबे खेती करते है। उन्होंने पुलिस को बताया कि पुनीत कोचिंग से निकलते ही कॉल करता था। लेकिन शुक्रवार को किसी से बात नहीं की। पहले दोस्तों के साथ रूम लेकर रहता था। आठ दिन पूर्व ही उसने भाटिया की मल्टी में कमरा लिया था। पुलिस के मुताबिक मामला आत्महत्या का ही है, लेकिन प्रत्येक बिंदु पर जांच की जा रही है।

### दोस्त बोले वह इस तरह नहीं रहता था

आठ दिन पहले ही पुनीत ने इसी बिल्डिंग में अपना रूम बदला था। परिवार के लोगों ने बताया पहले वह दो दोस्तों के साथ रहता था। परिवार ने उन दोनों दोस्तो से भी बात की। उन्होंने बताया कि पुनीत इस तरह कभी नहीं रहता था। उसे देखकर हमें भी आश्चर्य हुआ। पिता को भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा है। उनका कहना है कि दो महीने पहले ही पुनीत का जन्मदिन था। मां विभूति उससे मिलने इंदौर गई थी। काफी दिन उसके साथ रही, लेकिन कभी उसके वेशभूषा के बदलाव नहीं देखा और न ही महसूस किया। वह लड़कों जैसे ही कपड़े पहनता है। परिजन ने पुलिस को पुनीत की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## ब्रीफ न्यूज़

### पुलिस को देखकर भाग रहे आठवीं के स्टूडेंट से बंदूक और तीन कारतूस जब्त



इंदौर। इंदौर की छोटी ग्वालटोली ने एक आठवीं के स्टूडेंट को पकड़ा है। आरोपी के कंधे पर 12 बोर की बंदूक टंगी हुई थी। पुलिस को देखकर वह भाग रहा था। उसके पहले ही उसे दबोच लिया गया। छोटी ग्वालटोली पुलिस ने हरदा में रहने वाले 17 साल के नाबालिग को पकड़ा है। शुक्रवार रात जब पुलिस चैकिंग कर रही थी तो वह उसके कंधे पर 12 बोर की बंदूक टंगी थी। पुलिसकर्मियों ने उसे रोका तो वह भागने लगा। इसके बाद जवानों ने उसे पकड़ा और पूछताछ की तो वह जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद उसे थाने लाकर अफसरों से बात कर आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पकड़ाए नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह आठवीं क्लास की पढ़ाई कर रहा है। उसके पास से तीन कारतूस भी मिले हैं। पुलिस बंदूक को लेकर उससे पूछताछ कर रही है।

### नशे के सौदागरों पर कार्रवाई को हाईकोर्ट ने सही ठहराया



इंदौर। नशा बेचने वालों के खिलाफ कमिश्नर दीपक सिंह द्वारा की कार्रवाई को हाई कोर्ट ने सही ठहराया है। कमिश्नर ने पिछले माह एनडीपीएस एक्ट में तस्कर उषा उर्फ काली, पांगू बाई उर्फ सरिता और आमिर खान को 6-6 माह के लिए के लिए केंद्रीय जेल भोपाल में निरुद्ध कराया था। आरोपियों के नाम अपराधी पांगू बाई उर्फ सरिता पति स्व. विनय भूरिया निवासी 121, भील कॉलोनी, उषा उर्फ काली पति रामअवतार वर्मा निवासी- 858, कुम्हारखाड़ी, बाणगंगा, इंदौर आमिर खान पिता समीर खान उर्फ चमलु खान, निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान को नशे का व्यापार करने के मामले में निरुद्ध कराया था। यह तीनों कुख्यात अपराधी होकर अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने में लिप्त हैं। पहले भी नशे की तस्करी करते पकड़े जाने के बाद फिर करने लगे थे। आरोपी अपने एजेन्ट, बिचौलियों के साथ मिलकर नशे की खरीद-फरोख्त कर अलग-अलग स्थानों पर बेचते थे। इनके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्र में केस दर्ज हैं।

### मेंगो जत्रा में सुबह से शाम तक उमड़ रहे हापुस आम के शौकीन

# लुभा रही एक ही जगह हापुस आम की कई किस्में



इंदौर। इस बार मौसम के साथ देने से कोंकण के तटों पर हापुस आमों की बहार आई हुई है। मेंगो जत्रा में एक ही जगह पर उपलब्ध हापुस आम की कई किस्में लोगों को आकर्षित कर रही है। दरअसल, पिछले साल बेमौसम बाारिश ने फलों के राजा हापुस आम का जायका बिगाड़ दिया था और उत्पादन आधा हो गया था लेकिन इस बार उत्पादन अच्छा है। इस कारण हापुस आम भी सस्ता है।

मराठी सोशल ग्रुप के सालाना आयोजन मेंगो जत्रा में सुबह से लेकर शाम तक हापुस आम के शौकीन आम का स्वाद चखने के लिए उमड़ रहे है। आयोजक सुधीर दांडेकर व राजेश शाह ने बताया कि जत्रा में करीब 23 से अधिक आम उत्पादकों ने हिस्सा लिया। रत्नागिरी, देवगढ़ (कोंकण) के आम उत्पादक वहां के विशिष्ट हापूस आम और अन्य उत्पाद लेकर इंदौर आए है। पहले दिन अंदाजन तकरीबन 12 हजार दर्जन आम खरीदे गए। एक ही जगह हापुस आम की अलग-अलग किस्में इंदौरवासियों को भी प्रभावित कर रही है।

### विशेष स्वाद, मिठास के लिए प्रसिद्ध है हापुस

हापुस आम कोंकण के देवगढ़ और रत्नागिरी क्षेत्र मे ही पाया जाता है, विशेष रूप से अपने खूबसूरत आकार और मीठे स्वाद के लिए प्रसिद्ध है। हापुस आम सबसे स्वादिष्ट होता है। इसका रंग केसरियां होता है और आम खुशबूदार होता है। यह आम अपने विशेष स्वाद, मिठास के लिए प्रसिद्ध है। इसका रंग और गंध भी अन्य आमों से अलग होता है। यह आम स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होता है। इसका चमकदार रंग और भारी फल भी इसे अन्य आमों से अलग बनाता है। हापुस आम में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है। इसके सेवन से ब्लडप्रेशर नियंत्रित रहता है।

### गुठलियां ले जा रहा वन विभाग

जत्रा में संस्था ने नाम मात्र के शुल्क पर हापुस आम के चखने की व्यवस्था की है। शुक्रवार को छह सौ आम लोगों ने खाए। हापुस की जो गुठलियां बच रही है। वह वन विभाग को सौंपी जा रही है ताकि वे उसकी गुठलियों से हापुस आम के पौधे तैयार कर सके।

### यात्रियों की सुविधा के लिए यहां न अतिरिक्त बसें चलाई गईं और न वैकल्पिक व्यवस्था की

# महू-इंदौर रेल लाइन बंद होने से अपडाउन करने वाले परेशान

इंदौर। रेलवे ने 16 से 31 मई तक इंदौर से महू के बीच कई ट्रेनों को बंद कर दिया है। इसका कारण राऊ और महू के बीच यार्ड का काम होना है और लाइनों को लिंक करना है, लेकिन यात्रियों की सुविधा के लिए यहां न अतिरिक्त बसें चलाई गईं और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इसके कारण डेली अपडाउनर्स परेशान हो रहे हैं। इस रूट पर अपडाउनर्स के लिए सिटी आईबस की मांग भी रखी गई थी, जो पूरी नहीं हो पाई।

वैसे तो इंदौर-महू के बीच उपनगरीय बसें चलती हैं, लेकिन वे मनमाने तरीके से चलती हैं और उनमें किराया भी ज्यादा लगता है। पिछले साल तक इंदौर से महू के बीच आईबस का संचालन हो रहा था, लेकिन यात्री नहीं मिलने के कारण उसे बंद कर दिया गया। अब चूंकि 16 से 31 मई तक 15 दिन के लिए रेलवे ने राऊ से महू के बीच ब्लाक लिया है, जिससे एक तरह से इंदौर से महू के बीच का रेल संपर्क टूट गया है। ट्रेनें सस्ता और समय का पाबंद साधन होने से इंदौर से महू के बीच अपडाउन करने वाले हजारों लोग अब परेशान हो रहे हैं।

15 दिन के लिए उन्हें उपगरीय बसों में महंगा किराया देकर सफर करना पड़ेगा। डेली अपडाउनर्स अशोक पंवार ने बताया कि इंदौर से महू के बीच आईबस चलाने के लिए हमने चुनाव के दौरान विधायक उषा ठाकुर से मांग की थी, लेकिन पांच महीने बाद भी बस नहीं चल पाई। इसी दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार से भी इस बीच आईबसें चलाने की मांग की गई, लेकिन अभी तक बसें चालू नहीं हुई हैं। सैकड़ों अपडाउनर्स का कहना है कि इंदौर से महू के बीच ऐसे समय बसें चलाई जाएं, जो समय अपडाउनर्स का होता है। इन बसों को यात्री भी मिलेंगे और सिटी बस का पास मिल जाने से यात्रियों को यह यात्रा महंगी भी नहीं पड़ेगी।

# बम की गिरफ्तारी के लिए कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



इंदौर। शहर कांग्रेस कमेटी के कार्य-वाहक अध्यक्ष और मप्र राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में निगरानी उड़न दस्ते ने शनिवार को आरोपी अक्षय बम की गिरफ्तारी की मांग को लेकर खजराना पुलिस थाने के प्रभारी सुजित श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि सेशन कोर्ट से उसकी अग्रिम जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। निचली अदालत द्वारा उसके व अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 307 बढ़ाए जाने के बाद अक्षय बम का गिरफ्तारी वारंट जारी किया जा चुका है। वारंट थाना खजराना पर भेजा जा चुका है तो अक्षय बम को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है। वह देश से बाहर भाग सकता है इसलिए उसका पासपोर्ट जब्त किया जाए या पासपोर्ट निरस्त किया जाए। कोर्ट के आदेश का पालन किया जाए और उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाए। यादव ने बताया कि बम पर कोर्ट के आदेश पर धारा 307 बढ़ाई गई थी। 10 मई को बम को कोर्ट में पेश होना था, मगर वे पेश नहीं हुए। कई कार्यक्रमों में उन्हें देखा गया। खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में राज जोगी, राजीक खान, अख्तर जावेद, संजय शुक्ला, सुधीर जैन, यशपाल गहलोत, हिमांशु यादव, दानिश खान, सरदारमल जैन आदि मौजूद थे।

# सीएम आवास में हिंसा

यह मुख्यमंत्री आवास है या मारपीट, गुंडई का कोई अड्डा..! कुछ अंतराल पहले, मुख्यमंत्री आवास में ही, तत्कालीन मुख्य सचिव के साथ हाथापाई की गई थी। खबरें तो मारपीट की भी आई थीं। मामला अदालत तक पहुंचा। अंततः क्या हुआ, कोई जानकारी नहीं। समय गुजरा, तो उस घटना पर धूल की परतें जम गईं। आखिर आम आदमी पार्टी (आप) के भीतर और मुख्यमंत्री केजरीवाल के जीवन में क्या घट रहा है कि हालात सुलगते महसूस होते हैं। कोई विधायक अपनी पत्नी पर ही कुत्ता छोड़ देता है! कोई मंत्री राशन कार्ड बनवाने आई महिला के साथ बलात्कार करता है! शराब घोटाले में तो खुद केजरीवाल संलिप्त बताए गए हैं। 'आप' एक बड़े खोल में बेहद विस्फोटक पार्टी लगती है। ताजातरीन मामला पार्टी की ही राज्यसभा सांसद तथा 9 साल तक दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रहीं स्वाति मालीवाल का है, जिनकी मुख्यमंत्री आवास में ही, पिटाई की गई। जाहिर है कि एक महिला के साथ बदसलूकी की गई, हिंसक व्यवहार भी किया गया, लिहाजा यह आपराधिक हरकत से कम नहीं है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 4 घंटे से अधिक समय तक संवाद करने के दौरान स्वाति मालीवाल ने खुलासा किया है कि मुख्यमंत्री के निजी स्टाफ ने उन्हें 5-6 थप्पड़ मारे। शरीर के निचले हिस्से पर लात मारी, छाती और पेट पर मुक्के मारे गए। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल उस दौरान घर के भीतर ही मौजूद थे। यदि मुख्यमंत्री आवास में महिला सांसद पर ऐसा हिंसक आक्रमण किया गया है, तो वह सिर्फ निजी सहायक की औकात नहीं हो सकती। क्या स्वाति पर हमला जानबूझकर कराया गया? क्या मुख्यमंत्री अपने ही सांसद से मुलाकात नहीं करना चाहते थे? क्या केजरीवाल चाहते हैं कि स्वाति सांसदी छोड़ दें, ताकि अभिषेक मनु सिंघवी को सांसदी देकर उपकृत किया जा सके?

यदि मुद्दा यही है, तो स्वाति पर हिंसक व्यवहार करने की जरूरत क्या थी? सबसे महत्वपूर्ण और मानवीय पक्ष यह है कि जिस महिला साथी की मुख्यमंत्री के घर के भीतर तक पहुंच रही है, एनजीओ परिवर्तन के दौर से साथ-साथ काम करते रहे हों और जनवरी, 2024 में ही जिसे राज्यसभा सांसद चुना गया हो, ऐसे साथी पर ऐसा हिंसक आक्रमण करना वाकई हैरान करता है, चौंकाता भी है। स्वाति मालीवाल के बयानों और अढाई पन्नों की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। धाराओं 354, 506, 509 और 323 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्वाति का एम्स दिल्ली में मेडिकल भी कराया है। उधर राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी मुख्यमंत्री के निजी सहायक विभव कुमार को तलब किया है। खुद आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भी इसे विभव कुमार की बदसलूकी करार दिया है। क्या पुलिस विभव को गिरफ्तार करेगी? सवाल यह है कि मुख्यमंत्री आवास में ही ऐसी हिंसक गुंडई क्यों की गई? ऐसी नौबत ही क्यों आई? दरअसल स्वाति मुख्यमंत्री केजरीवाल से मिलने उनके सरकारी आवास गई थीं। जेल से बाहर आने के बाद वह मिल नहीं सकी थी। मुख्यमंत्री आवास के गेट पर सुरक्षा व्यवस्था ने उन्हें रोका था, क्योंकि मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात का अधिकृत समय तय नहीं था। फिर भी स्वाति घर के अंदर चली गई और ड्राइंग रूम में जाकर बैठ गई। यह सोमवार 13 मई की बात है। उसके 81 घंटों तक स्वाति खामोश रही। 112 नंबर पर फोन करके उन्होंने हिंसक हमले की जानकारी पुलिस को दी थी, लेकिन उसके बाद सभी पक्ष सोचते ही रहे।

मुख्यमंत्री केजरीवाल लखनऊ गए, तो विभव को साथ ले गए। वहां पत्रकारों ने बार-बार सवाल पूछे, तो वह माइक को अखिलेश यादव या संजय सिंह की ओर सरकाते रहे। एक शब्द तक नहीं बोले। पुलिस को शिकायतनामा देने के बाद स्वाति ने एक्स पर लिखा है-मेरे साथ जो हुआ है, वह बहुत बुरा था। मैंने बयान दर्ज करा दिया है। आशा है कि उचित कार्रवाई होगी। भाजपा से भी गुजारिश है कि वह इस मुद्दे पर राजनीति न करे। बहरहाल यह कांड भी केजरीवाल पर भारी पड़ सकता है। अभी वह एक जून तक ही जमानत पर हैं। उसके बाद फिर जेल जाना ही पड़ेगा। यह आम चुनाव का दौर है। उसके दौरान ऐसे हिंसक कांडों से बचा जाना चाहिए था।

> 'आप' एक बड़े खोल में बेहद विस्फोटक पार्टी लगती है। ताजातरीन मामला पार्टी की ही राज्यसभा सांसद तथा 9 साल तक दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रहीं स्वाति मालीवाल का है, जिनकी मुख्यमंत्री आवास में ही पिटाई की गई। जाहिर है कि एक महिला के साथ बदसलूकी की गई, हिंसक व्यवहार भी किया गया, लिहाजा यह आपराधिक हरकत से कम नहीं है।

# केंद्र को सुप्रीम कोर्ट से लगा जोर का झटका

योगेंद्र योगी
स्वतंत्र लेखक



देश की शीर्ष अदालत ने दो मामलों में केंद्र सरकार को जोर का झटका धीरे से देते हुए यह जाहिर कर दिया कि कानूनों की मनमानी व्याख्या अपनी सुविधा के हिसाब से नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के ईडी की गिरफ्तार करने की शक्तियों को सीमित करने के साथ ही दूसरे मामले में एक वरिष्ठ पत्रकार की गिरफ्तारी को अवैध करार देने से केंद्र को यह झटका लगा है। इन दोनों मामलों में दिए गए फैसलों से बेशक केंद्र की भाजपा सरकार को व्यापक राजनीतिक नुकसान नहीं हो, किन्तु इसके दूरगामी परिणाम अवश्यंभावी होंगे। परिणाम यह होगा कि ईडी अब आसानी से किसी के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं कर सकेगी। इसी तरह पुलिस खिलाफ खबर पर किसी पत्रकार को भी आसानी से गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। ईडी की कार्रवाई में कितने कानूनी तथ्य हैं, यह देखने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अधीनस्थ अदालतों को रैफरी की भूमिका दी है। गौरतलब है कि लंबे अर्से से विपक्षी दल केंद्रीय एजेंसियों पर भेदभाव के आरोप लगाते रहे हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि केंद्र सरकार राजनीतिक रंजिशवश इन एजेंसियों को दुरुपयोग कर रही है। एक याचिकाकर्ता ने दिसंबर 2023 में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता का सवाल था कि अगर विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में व्यक्ति विशेष के आरोपों को संज्ञान में ले लिया है, तो क्या तब भी उसे बेल के लिए सेक्शन 45 की दोहरी शर्तों को पूरा करना होगा। इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत जमानत की कड़ी शर्तों को संतुष्ट करने की जरूरत नहीं है।

अगर आरोपी समन द्वारा विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है, तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। अगर अदालती समन के चलते पेश होने के बाद ईडी आरोपी की हिरासत चाहती है, तो उसे विशेष अदालत में आवेदन देना होगा। अदालत केवल उन कारणों के साथ हिरासत देगी, जो संतोषजनक हों और जिनमें हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत हो। जस्टिस अभय एस. ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। बेंच ने कहा है कि अगर किसी मामले में ईडी ने किसी आरोपी को गिरफ्तार किए बिना चार्जशीट दाखिल की और अदालत ने इस पर संज्ञान लेकर उसे समन किया, तो ऐसे व्यक्ति को पीएमएलए के तहत जमानत के लिए दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। पीएमएलए को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान 2002-03 में लाया गया था। बाद में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान 1 जुलाई 2005 को इसे लागू किया गया। उस वक्त इस कानून को ब्लैक मनी के फ्लो को रोकने के उद्देश्य से बनाया गया था। पीएमएलए कानून के तहत सबसे पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सीएम मधु कोड़ा के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बाद साल 2010 में 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोयला घोटाला समेत कई बड़े घोटालों में इस कानून के तहत कार्रवाई हुई। फिर साल 2012 में तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने इसमें संशोधन भी किया था। बीते कुछ सालों में इस एक्ट में और भी कई बदलाव किए गए हैं। ईडी की शक्तियां सीमित करने के साथ केंद्र सरकार को दूसरा झटका लगा न्यूज क्लिक के फाउंडर संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को लेकर। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद न्यूज क्लिक के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ को रिहा कर दिया गया।

न्यूजक्लिक फाउंडर पुरकायस्थ को पोर्टल के माध्यम से राष्ट्र-विरोधी प्रचार को बढ़ावा देने के लिए कथित चीनी फंडिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुरकायस्थ के खिलाफ आरोप लगाया गया कि न्यूजक्लिक को चीन के पक्ष में प्रचार के लिए कथित तौर पर धन मिला था। देश की सबसे बड़ी अदालत ने यूएपीए मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को गलत माना। कोर्ट का यह फैसला अपने आप में एक नजीर है। इसका असर आने वाले दिनों में दूसरे फैसलों पर भी दिख सकता है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए किसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के सामने एक साफ-साफ लकीर खींच दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को इसका आधार लिखित तौर पर देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 के तहत सबसे अटूट मौलिक अधिकार है। इसे भी किसी तरह नजरअंदाज या अनदेखा नहीं किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट की कही इस बात का स्पष्ट संदेश है कि हर नागरिक के लिए जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की अपनी विशेष अहमियत है। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य कानून के तहत किसी भी शख्स की गिरफ्तारी से पहले अब पुलिस को पहले लिखित में यह बताना जरूरी होगा कि उसकी गिरफ्तारी किस आधार पर की जा रही है। इसके लिए लिखित में भी सूचित करना होगा। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह भी साफ कर दिया है कि किसी भी इनसान के लिए कानूनी कार्रवाई एक जैसी होनी चाहिए और उसे किसी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी के ऐसे लिखित आधारों की एक कॉपी गिरफ्तार किए गए शख्स को बिना किसी अपवाद के जल्द से जल्द दी जानी चाहिए। कोर्ट की इस टिप्पणी से यह साफ हो गया कि गिरफ्तार शख्स को हर हाल में जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिखित आधारों की एक कॉपी मिलनी चाहिए, ताकि उसे अपने खिलाफ हो रही कार्रवाई की पूरी जानकारी हो। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई झिझक नहीं है कि लिखित रूप में गिरफ्तारी के लिए रिमांड कॉपी नहीं दी गई, जिसके चलते गिरफ्तारी अवैध है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने जो कहा, उससे इस बात की रिमांड की कॉपी न मिलने पर गिरफ्तारी को भी अवैध साबित किया जा सकता है। कोर्ट ने मौलिक अधिकार पर अतिक्रमण करने के किसी भी प्रयास को अस्वीकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 द्वारा ऐसे मौलिक अधिकार का उल्लंघन करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटना होगा।

कोर्ट की इस टिप्पणी से भी साफ हो रहा है कि अगर ऐसा होता है तो उसे इनसान के मौलिक अधिकार का हनन माना जाएगा। फैसला लिखते हुए, न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि पुरकायस्थ की गिरफ्तारी, उसके बाद पिछले साल 4 अक्टूबर का रिमांड आदेश और दिल्ली उच्च न्यायालय का 15 अक्टूबर का रिमांड को वैध करने का आदेश, कानून के विपरीत था और इसलिए इसे रद्द कर दिया गया। इस मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य अपराधों के आरोप में गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित रूप में सूचित किया जाना मौलिक और वैधानिक अधिकार है। किसी को भी ऐसे ही नहीं उठा सकते। सुप्रीम कोर्ट के इन दोनों आदेशों से स्पष्ट है कि पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां आंख बंद करके कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगी। न्यूज क्लिक के फाउंडर की गिरफ्तारी के अवैध करार देने से यह भी साफ हो गया है कि सरकार विरोधी खबरें लिखने-दिखाने पर राजनीतिक दल सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल दुर्भावनावश नहीं कर सकते। शीर्ष कोर्ट के इस फैसले से निश्चित तौर पर प्रेस की आजादी से एक बड़ा डर समाप्त हो गया है।

> न्यूज क्लिक के फाउंडर की गिरफ्तारी के अवैध करार देने से यह भी साफ हो गया है कि सरकार विरोधी खबरें लिखने-दिखाने पर राजनीतिक दल सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल दुर्भावनावश नहीं कर सकते। शीर्ष कोर्ट के इस फैसले से निश्चित तौर पर प्रेस की आजादी से एक बड़ा डर समाप्त हो गया है।

## अंचल

### घर के सामने गाड़ी खड़ी करने की बात पर हुआ विवाद

# खरगोन जिले में महिलाओं से मारपीट, चार घायल



**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुलाब नगर में अचानक उस वक्त हंगामा शुरू हो गया, जब एक घर के सामने वाहन खड़ा करने की बात पर कुछ लोगों ने महिलाओं के साथ मारपीट शुरू कर दी। वहीं इस मारपीट में चार महिलाएं घायल हुई हैं, जिनका फिलहाल जिला अस्पताल में इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि मारपीट करने वाले आपस में रिश्तेदार हैं और इस घटना में फातमा पति मुकीम, शिफा पिता मुकीम, सलमा बी पति अनवर, फरजाना पति आशिक को सिर में चोट आई है।

खरगोन के गुलाब नगर में एक घर के सामने बाइक खड़ी होने के चलते वहां से निकलने का रास्ता बंद हो गया था, जिस पर बाइक और घर के मालिक के बीच कहासुनी हो गई, जो कि देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। वहीं, इस दौरान घर मालिक की परिजन महिलाओं ने भी बीच बचाव करने की कोशिश की, तो उनके साथ भी बाइक खड़ी करने वाले और उनके सहयोगियों ने जमकर मारपीट कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने वाली घायल महिला सलमा ने बताया कि वह गुलाबनगर से घर खाली कर दूसरी जगह रहने जा रही थी, इसी दौरान दोपहर करीब 2.30 पर घर के सामने गाडी खड़ी कर दी गयी। और जब मेरे पति अनवर ने विरोध दर्ज कराया तो मुन्ना, अरबाज, खालिद, आबिद, अब्दुल्ला, हाथों में लकड़ियां लेकर आए और मारपीट करने लगे। इस दौरान बीच बचाव करने आई फातमा, शिफा और फरजाना के साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट की गयी।

#### हाथों में नीम की मोटी-मोटी लकड़ियां थी

वहीं, खसखसवाड़ी में रहने वाले अफसर शेख ने बताया कि हम इन लोगों को छुड़ाने गए थे तो जैसे ही इनके ऊपर लकड़ियां पड़ी, तो हमने हाथ अड़ा लिए। इसलिए हमारे हाथों में भी चोट आई है और 5- 6 लोगों ने महिलाओं के साथ मारपीट की है। हम बचाने गए तो हमारे साथ भी मारपीट हुई है और इस मारपीट का कारण यह था कि वहां सामने गाड़ी खड़ी कर दी थी और यह लोग घर खाली करके जा रहे थे तो वह लोग इतनी देर नहीं रुक पाए की ठेला लेकर यह लोग निकल जाते। फिर उन्होंने बीच में गाड़ी खड़ी कर दी कि हम यहां से नहीं जाने देंगे और महिलाओं के साथ कुछ लोगों ने मारपीट शुरू कर दिए और उनके हाथों में नीम की मोटी-मोटी लकड़ियां थी।

#### कपड़े पकड़ कर खींचते हुए बाहर ले गए

घायल महिला फरजाना ने बताया कि वह तीन-चार लोग थे, और उन्होंने मेरे मामू के साथ मारपीट शुरू कर दिए। मैं बचाने गई तो मुझे भी खींचते हुए ले गए और कोई धारदार हथियार से मुझे भी मारा। और मैं तो समझाने गई थी और इस मारपीट में हम चार औरतों घायल हुई हैं। उन्होंने मेरे कपड़े पकड़ कर खींचते हुए बाहर ले गए थे और मुझे धमकी दिए थे कि यह लोग मकान खाली करके जा रहे हैं, अब तुम्हारा हाल खराब कर देंगे। और अब मुझे उनसे डर है, और मेरी मांग है कि उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. कुंदन सिसोदिया ने बताया कि चार घायल महिलाओं को जिला अस्पताल में लाया गया है, और इनका आपसी विवाद में घायल होना बताया जा रहा है। उनका प्राथमिक उपचार कर दिया गया है, जिसके बाद उन्हें हड्डी वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

# तीन लाख की रिश्वत लेने पर दो पुलिसकर्मी सस्पेंड




**आगर मालवा।** 3 लाख की रिश्वत लेने के मामले में आगर एसपी ने दो हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल, जमीन खरीदी बिक्री के मामले को लेकर फरियादी से 3 लाख की रिश्वत ली गई थी। यह मामला जब आगर विधायक मधु गहलोत के कार्यालय तक पहुंचा तो आगर विधायक अपने कार्यकर्तओं के साथ आगर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। साथ ही दोनों हेड कांस्टेबल पर कार्रवाई और पैसे वापस लौटने की मांग की गई। इस दौरान विधायक व पुलिस अधीक्षक के बीच काफी देर तक बहस भी हुई। विधायक के प्रदर्शन के दौरान आगर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा दोनों हेड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने की कार्रवाई की गई और मामले को जांच में लिया है।

बता दें कि फरियादी नरेंद्र सिंह ठाकुर पिता खुमान सिंह ठाकुर निवासी माली खेड़ी रोड आगर और हंसा बंसिया पिता गिरिराज बंसिया निवासी पाल रोड द्वारा जमीन खरीदी बिक्री में धोखाधड़ी करने के मामले में करीब 02 माह पूर्व आगर कोतवाली थाने पर एजाज खान के खिलाफ आगर कोतवाली थाने पर एक शिकायती आवेदन दिया था। जिसमें पुलिसकर्मी एजाज खान पर एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे थे। पुलिस द्वारा एजाज खान पर प्रकरण दर्ज करने के बदले आवेदक से 03 लाख की मांग की जा रही थी, इसके बाद 15 मई 2024 को आवेदक द्वारा आगर कोतवाली थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल राधेश्याम कारपेंटर और हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह भाटी को 03 लाख की रिश्वत दी गई, इसके बाद पुलिस द्वारा 15 मई 2024 को एजाज खान के खिलाफ 420 का मामला दर्ज किया गया। इसके बाद आवेदक द्वारा पुलिस द्वारा इस तरह रिश्वत लिए जाने की बात आगर विधायक मधु गहलोत से कही, पुलिस द्वारा ली गई रिश्वत से नाराज आगर विधायक अपने जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं के साथ आगर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया और दोनों पुलिसकर्मी पर कार्रवाई और पैसे वापस लौटने की मांग की गई।

विधायक द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन के दौरान आगर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा दोनों हेड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने की कार्रवाई की गई और मामले की जांच कर पैसे वापस लौटने की भी बात कही गई। वहीं विधायक द्वारा मीडिया से चर्चा करते हुए कहा गया कि पुलिस द्वारा अगर 02 घंटे के भीतर पैसे वापस नहीं लौटाए गए तो उनके द्वारा मामले को सीएम तक पहुंचाया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज़

### मोहन बड़ोदिया परियोजना में वजन मेले का हुआ आयोजन



**मोहन बड़ोदिया।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक आंगनवाड़ियों पर वजन मेला का आयोजन दिनांक 18 मई शनिवार को किया गया, जिसमें अधिक से अधिक बच्चों के परिजनों को वजन और ऊंचाई लेते समय शामिल किया गया, जिससे कम वजन और अति कम वजन वाले बच्चों के माता-पिता को उनके पोषण के बारे में समझाइश दी जा सके और बच्चों की वृद्धि निगरानी की जा सके। इस दौरान मोहन बड़ोदिया परियोजना अधिकारी पंकज कुमार दवे, पर्यवेक्षक आशा जांगड़े, प्रियंका चंद्रवंशी, हेमकांता मालवीय, कौशल्या श्रीमाली, किरण परमार, कार्यकर्ता हंसा भिलाला,शर्मिला शर्मा, उर्मिला गोयल सहित आदि उपस्थित रही, इसी के साथ आंगनवाड़ी केंद्र किठौर,कुम्हारिया खास, अय्यापुर,मंगलाज, घनसोदा,चोमा,मोहना और गोलाना में भी वजन मेला का आयोजन किया गया ।

### नर्मदा नदी के दोनों छोर पर 30 मीटर की परिधि एवं 300 मीटर के दायरे में अतिक्रमण जांच के लिए दल गठित

**ओंकारेश्वर।** खंडवा कलेक्टर के निदेर्शानुसार ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के दोनों किनारो पर किए गए अतिक्रमण की जांच के लिए एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति ने एक संयुक्त जांच दल गठित किया है जिसमें 30 मीटर की परिधि एवं 300 मीटर के दायरे में आने वाले अतिक्रमण चिह्नित कर तीन दिवस में संयुक्त जांच दल अपनी जांच एसडीएम पुनासा को सौंपेंगे इसमें नर्मदा नदी के दोनों किनारो पर अवैध अतिक्रमण की जांच की जा रही है निम्न अनुसार संयुक्त जांच दल गठित किया गया है जिसमें श्री गजानन चौहान नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी ओंकारेश्वर एवं श्रीमती दर्शिका मोदया नायब तहसीलदार कार्यपालिक दंडाधिकारी ,नगर परिषद सीएमओ संजय गीते, नगर परिषद उपयंत्री, नगर परिषद राजस्व टीम, राजस्व विभाग एवं पटवारी हरेसिंह गवलिया,अमित भोरियाले, दीपक मालगे, ओ.पी. शिंदे,संदेश सामेडिया ,प्रेमलाल भालेराव ,श्रीमती रंजीता शोले, सुरेश डाबर ,कुलदीप राजावत,सम्मिलित है उपरोक्त जांच दल राजस्व एवं नगर परिषद के संयुक्त दल के साथ सर्वे करेंगे सर्व निम्न बिंदुओं के आधार पर जिसमें नर्मदा नर्मदा नदी के 30 मीटर परिधि एवं 300 मीटर के भीतर आने वाले अतिक्रमण नर्मदा नदी के दोनों छोर पर आने वाले अतिक्रमण की जांच कर तीन दिवस में संयुक्त प्रतिवेदन कलेक्टर महोदय एवं एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

### मीत गांधी को यूपेन से एमएस डेटा साइंस की डिग्री मिली




**आलीराजपुर।** यहां निवासी मीत पिता संजय गांधी को यूएसए की विश्व प्रसिद्ध यूनिवर्सिटी ऑफ पैल्सिनवेनिया(यूपेन)से एमएस डेटा साइंस की डिग्री प्राप्त हुई है ।मीत के पिता संजय गांधी शा.कन्या उमावि बहारपूरा में प्राचार्य के पद पर पदस्थ है ।मीत ने यह डिग्री शत प्रतिशत अंको के साथ हासिल की है ।यूपेन में इन्टरशिप के दौरान ही मीत गांधी का चयन जानी मानी अमेजोन रोबोटिक्स कम्पनी में भी हो गया है ।मीत की इस गौरवशाली उपलब्धि पर परिजनों,गुरुजनों एवं अन्य स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर ला रहे तरबूज, 10 रु. किलो बिक रहा



**सारंगपुरः** इन दिनों भीषण गर्मी के बीच फलों में सबसे कम रेट में केवल तरबूज और खरबूजे की मांग सबसे ज्यादा है। दोनों फलों की रेट अन्य फलों के मुकाबले कम होने से इनकी मांग ज्यादा है। तरबूज 10 रुपए प्रति किलो चल रहा है। कम रेट में होने के अलावा यह गर्मी में फायदा भी करता है इसलिए लोग भी इसे खरीद रहे हैं। शहर के मुख्य चौराहे, बाजारों एवं आसपास कई फल विक्रेताओं ने अपनी दुकान तरबूज से सजा ली है। तरबूज के बाद सबसे ज्यादा खरबूजे की डिमांड भी इस समय है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं लोडिंग वाहनों में तरबूज भरकर शहर में बेचने पहुंच रहे हैं, और हाट बाजारों में भी सड़क किनारे दुकान लगाकर बेच रहे हैं।

# संग्रहालय में लगाई गई छाया चित्र प्रदर्शनी का एसडीएम रोशनी पाटीदार ने किया शुभारंभ

**भगवान गणेश और कार्तिकेय के दुर्लभ चित्रों को पर्यटकों ने पसंद किया**





### विश्व संग्रहालय दिवस से शुरू हुई प्रदर्शनी 24 मई तक जारी रहेगी

**धार।** संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्य प्रदेश शासन भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश की सबसे प्राचीन संग्रहालय धार में विश्व संग्रहालय दिवस पर शनिवार को मध्य प्रदेश की शैव प्रतिमाएं के तहत सात दिवसीय छाया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शन का अवलोकन करने आए पर्यटकों ने इसे काफी पसंद किया। भगवान गणेश और कार्तिकेय की दुर्लभ 48 चित्रों की प्रदर्शनी में लंदन संग्रहालय में भगवान कार्तिकेय की प्रतिमा व भगवान गणेश की कंबोडिया सहित अन्य देशों के संग्रहालय में दुर्लभ व पुरा महत्व की प्रतिमाएं होने की जानकारी ने सभी को रोमांचित किया। पहले दिन यहां प्रवेश फ्री रखा गया था।

शनिवार को करीब 500 पर्यटकों व कालेज छात्रों आदि ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रतिवर्ष विश्व संग्रहालय दिवस 18 मई को मनाया जाता है। इसी के तहत धार में शनिवार को मध्य प्रदेश की शैव प्रतिमाएं पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किले में किया गया। इसका शुभारंभ शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती रोशनी पाटीदार ने किया। उन्होंने फीता काटकर इस प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए प्रदर्शनी में लगाए गए छाया चित्रों का अवलोकन किया। उन्होंने मध्य प्रदेश शासन की इस छायाचित्र प्रदर्शनी को देखकर कहा कि बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी आम जन को मिल रही है।इस तरह की प्रदर्शनी का अवलोकन सभी को करना चाहिए। इस मौके पर मध्य प्रदेश की सबसे प्राचीन संग्रहालय धार के सहायक संग्राध्यक्ष डॉ डीपी पांडे ने इस प्रदर्शनी के उद्देश्य और चित्रों के विवरण पर प्रकाश डाला। साथ उन्होंने धार के संग्रहालय की विभिन्न गैलरियों के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर विशेष रूप से भोज शोध संस्थान के डायरेक्टर डाक्टर दीपेंद्र शर्मा, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी श्री प्रवीण शर्मा, ललितकला महाविद्यालय धार की प्राचार्य श्रीमती कांति तिर्क, चित्रकार अनूप श्रीवास्तव मौजूद रहे। एसडीएम रोशनी पाटीदार ने धार के किले में स्थित प्राचीन बावड़ी के कुछ समय पूर्व किए कार्य काफी अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों को उसकी विशेष देखरेख और सुरक्षा के संबंध में निर्देश भी दिए हैं। उल्लेखनीय है कि यह प्रदर्शन प्रतिदिन 24 मई तक प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। जिला पुरातत्व संग्रहालय किला परिसर धार में इसका अवलोकन किया जा सकता है। आभार कार्यालय सहायक दिनेश मंडलोई ने माना।

**परशुराम जयंती महोत्सव**

# सर्व ब्राह्मण युवा वाहिनी ने निकाली वाहन रैली



**बड़वाह।** सर्व ब्राह्मण महासभा बड़वाह के तत्वाधान में परशुराम जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है।इस महोत्सव के तहत शुक्रवार को सर्व ब्राह्मण युवा वाहिनी ने वाहन रैली निकाली। जो नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी।इस दौरान जहां जहां भी रैली निकली। उस मार्ग पर जय श्री परशुराम के जयकारे गूंजे। शाम करीब 6 बजे नागेश्वर मंदिर परिसर से यह रैली प्रारंभ हुई। महासभा अध्यक्ष राजेंद्र जोशी, दिलीप शर्मा, सुरेन्द्र पंडया, गौरीशंकर शर्मा, नवीन दुबे के द्वारा पूजन के साथ रैली का शुभारंभ हुआ। इसके बाद युवा वाहिनी अध्यक्ष पीयूष शर्मा के नेतृत्व में अपने-अपने दो पहिया वाहनों के माध्यम से समाज के युवा एवं वरिष्ठजन इस वाहन रैली में सम्मिलित हुए। रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। कई स्थानों पर वाहन रैली का स्वागत भी हुआ। मार्ग में बाइक सवार युवाजन बड़े उत्साह के साथ भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। हाथों में केसरिया एवं जय परशुराम लिखे हुए ध्वजो को लहराया जा रहा था। नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकली रैली का समापन शाम करीब 7 बजे विवेकानंद विद्या विहार हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में हुआ। यहां महासभा अध्यक्ष ने सभी का स्वागत किया। युवा वाहिनी सचिव हर्षिल व्यास ने इस रैली में सम्मिलित होने वाले सभी युवाओ एवं वरिष्ठजनों को आभार माना। परशुराम जयंती महोत्सव के तहत अंतिम दिन रविवार को भगवान परशुराम जी का चल समारोह निकाला जाएगा।इसके पहले शाम को चार बजे नागेश्वर मंदिर परिसर में ही समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं विप्रजनों को सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद शाम को परिसर से भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमे समाजजन बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे ।महासभा अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र जोशी ने सभी समाजजनो से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

**कालातीत सदस्यों पर होगी वैधानिक कार्यवाही, खाद उठाने हेतु किसानों को अवगत करवाए**

# शाखा प्रबंधकों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित, ऋण वसूली के दिए निर्देश




**धार।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक धार में बैंक के समस्त शाखा प्रबंधकों की दिनांक 17 मई को मासिक समीक्षा बैठक बैंक मुख्यालय सभाकक्ष में सम्पन्न हुई उक्त समीक्षा बैठक में अरूण कुमार मिश्रा, विशेष कर्तव्य अधिकारी म.प्र. राज्य सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, भोपाल उपस्थित हुये। सर्वप्रथम अरूण कुमार मिश्रा, विशेष कर्तव्य अधिकारी का स्वागत बैंक प्रशासक उपायुक्त सहकारिता जिला धार सुश्री वर्षा श्रीवास एवं बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, के. के. रायकवार के द्वारा गुलदस्ता एवं पुष्पमाला से किया गया। तद्श्चात म.प्र. राज्य सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, भोपाल के विशेष कर्तव्य अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित शाखा प्रबंधकों को पैक्स कम्प्युटराईजेशन के अंतर्गत ईआरपी पोर्टल पर समयावधि में इन्ट्री करने, कालातीत वसूली, खाद उठाने हेतु किसानों को अवगत कराने, खरीफ ऋण वितरण, अकृषि ऋणों की मांग वसूली, धारा 84-85, क्रिश योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाकर नियत समयावधि में कार्य करने हेतु निर्देशित किया साथ ही समस्त शाखा प्रबंधकों को संस्थाओं की साप्ताहिक बैठक करने के निर्देश दिये गये।

बैंक प्रशासक सुश्री वर्षा श्रीवास, उपायुक्त सहकारिता जिला धार एंव मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. के. रायकवार द्वारा पैक्स कम्प्युटराईजेशन अंतर्गत ईआरपी पोर्टल पर समयावधि में इन्ट्री करने एवं अकृषि ऋणों की मांग/ वसूली करने, धारा 84-85 एवं किस योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी, खाद भण्डारण वितरण एवं एमओपी भावांतर एवं अग्रिम भावांतर प्रतिपुर्ति क्लेम की समीक्षा कर निश्चित समयावधि मे पूर्ण करने के समस्त शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में श्रीमति ममता शुक्ला, स्थापना अधिकारी एवं विपणन अधिकारी सौरवसिंह समकारिया, लेखाकक्ष प्रभारी विकास लाड, बैंक के समस्त शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे है।

### गर्मी के चलते नीबू की बढी मांग 150 रुपए किलो पर पहुंचे दाम



**सारंगपुर।** भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए नींबू का काफी अधिक मात्रा में उपयोग होता है। इसके परिणाम स्वरूप मांग भी बढ जाती है। इन दिनों शहर में नीबू अपने तीखे तेवर दिखा रहा है। मांग अनुसार आवक नहीं होने से 150 रुपए किलो से ऊपर दाम पहुंच गए हैं। वहीं अदरक भी अधिक तेजी लिए हुए हैं। अदरक और नींबू की वजह से महिलाओं का बजट बिगड गया है। सब्जी के थोक विक्रेताओं का मानना है कि इन दिनों मंडी में मांग अनुसार नींबू और अदरक की आवक नहीं हो रही है। पहले जो नींबू 100 रुपए से कम में मिल जाता था वह अब थोक में ही 100 से 110 रुपए किलो बिक रहा। फुटकर में तो नींबू 150 रुपए किलो का आंकडा पार कर चुका है। दाम ऊंचे होने से भीषण गर्मी में घर पर शिंकजी बनाने में लोगों के पसीने छूट रहे हैं। शीतलपेय में सबसे अधिक नींबू का ही उपयोग होता है और इन दिनों नींबू काफी तीखे तेवर दिखा रहा है। गन्नो की चरखी, शिकंजी के ठेले पर भी नींबू कम ही दिखाई दे रहे हैं।

# बिना अस्त्र-शास्त्र के पांडवों को प्रभु ने विजय दिलवा दी, प्रभु प्रेम के भूखेः हरिकृष्ण मुखिया





**बुरहानपुर।** लालबाग मार्ग स्थित होटल संस्कार मैरिज गार्डन में पाटीदार परिवार की और से आयोजित श्रीमद संगीतमय भागवत सप्ताह के दूसरे दिन भागवत भूषण श्री हरिकृष्ण मुखिया जी ने महाभारत की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि बिना अस्त्र-शास्त्र के पांडवों को प्रभु ने विजय दिलवा दी प्रभु प्रेम के भूखे हैं आपने बताया कि दुर्योधन के छप्पन भोग का त्याग करके भक्ति भाव से विदुर जी की प्रभु ने प्रेम से भाजी अंगीकार की परंतु दुर्योधन के भोग को देखा भी नहीं प्रभु से जब भीष्म पितामह ने पूछा कि प्रभु मैं जीवन में ऐसा कौन सा पाप किया है जिसकी सजा मुझे तीरों के सैया पर मिल रही है तब प्रभु ने कहा की भीष्म पितामह आप शक्तिमान होने के बावजूद भी द्रोपती की लाज नहीं बचा सके , द्रोपती का चीर हरण हो रहा था वहां मोन धारण करके बैठे थे वह अबला का चीर हरण देखना आपको यह सजा भुगतना पड़ रही है मनुष्य के कर्म ही मनुष्य के पुण्य है और मनुष्य के कर्म ही मनुष्य का पाप है आप जैसे कर्म करोगे प्रभु वैसा ही फल आपको देगा इसलिए जहां तक बने सुंदर कार्य करने की प्रेरणा दो स्वयं करो और दूसरों को भी करने के लिए प्रेरित करो यही भागवत ज्ञान गंगा में आज के विचार का सार है जब भी भागवत सप्ताह होती है साक्षात श्रीनाथजी भागवत सप्ताह में पधारते हैं और भक्त की मनोरथ पूर्ण करते हैं । साथ ही कुंती जी का श्री कृष्ण जी के साथ संवाद बनाता है इस दौरान भजन पर कथा यजमान रमेश पाटीदार, पूर्व विधायक रामदास शिवहरे सहित अन्य भक्त जमकर थिरकते नजर आये, कथा सुनने के लिए हजारों की संख्या में भक्त मोजुद थे कथा समाप्ति के बाद भक्तों को कथा यजमान राजाराम पाटीदार, मीना रमेश पाटीदार, गायत्री राजाराम पाटीदार ने प्रसादी का वितरण किया

# तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर के ब्रह्मपुरी घाट पर एनएचडीसी के घटिया निर्माण कार्य की शिकायत






**ओंकारेश्वर (पुनासा)।** ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं के सुविधार्थ अनेक निर्माण कार्य किये जा रहे हैं एन एच डी सी द्वारा अपने अनुबंधित ठेकेदार द्वारा सिविल कार्य किए जा रहे हे ओंकारेश्वर के ब्रह्मपुरी घाट पर एनएचडीसी के द्वारा उपरोक्त घाट निर्माण कार्य कराया जा रहा है उक्त कार्य बिगर बेस्ट तैयार किया घटिया सामग्री से जिसमें सेंड का इस्तेमाल न करके चुरी मिलाकर कार्य किए जाने की शिकायत वार्ड नं 07 पार्षद चंपाबाई ने कही । कार्य उच्च गुणवत्ता में करने के लिए समाज सेवी के द्वारा सीएम हेल्पलाइन में एवं एनएसडीसी प्रमुख धीरेंद्र कुमार द्विवेदी को की गई है हमारे पत्रकार प्रतिनिधि द्वारा जब कार्यस्थल का अवलोकन किया तो वहां पर गंदगी के ऊपर ही सरिया बिछा दिया गया हैं बेस्ट तैयार नहीं किया गया है बिगर बेस्ट तैयार किए गंदगी एवं पन्निया, प्लास्टिक बॉटल तथा मलमूत्र युक्त पानी में ही सरिया बिछाकर कंक्रीट किया जा रहा है जो की संभावना है की पहली बारिश में ही धूल जाएगा। जब एनएचडीसी प्रमुख धीरेंद्र कुमार द्विवेदी से बात की गई उनका कहना था कि मुझे शिकायत प्राप्त हुई है मैंने जांच के लिए संबंधित को निर्देशित कर दिया है यह पूछने पर की कितने का कार्य है और कौन सी एजेंसी कार्य कर रही है तो उन्होंने कहा हमें देख कर बता पाऊंगा ।

### विदेश मंत्रालय ने भारतीय छात्रों के लिए जारी की एडवाइजरी, घर से बाहर न निकलने की सलाह

# किर्गिस्तान में तीन पाकिस्तानी छात्रों को पीट-पीटकर मार डाला

**बिश्केक।** मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई करने गए भारतीय और पाकिस्तानी छात्रों की जान खतरे में पड़ गई है। दरअसल किर्गिस्तान से खबर आई है कि वहां स्थानीय लोगों ने तीन पाकिस्तानी छात्रों को पीट-पीटकर मार डाला। स्थानीय लोग अन्य पाकिस्तानी छात्रों को भी निशाना बना रहे हैं। चूंकि भारतीय और पाकिस्तानी दिखने में एक जैसे लगते हैं, इसलिए भारतीय छात्रों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। ऐसे हालात में भारतीय विदेश मंत्रालय ने किर्गिस्तान में रहने वाले भारतीय छात्रों के लिए एडवाइजरी जारी की है और उन्हें घरों के भीतर ही रहने की सलाह दी है।

किर्गिस्तान में पाकिस्तानी छात्रों के खिलाफ हिंसा भड़कने की वजह का अभी पता नहीं चल सका है, लेकिन सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियोज में दावा किया जा रहा है कि कुछ मिस्त्र और अरब के छात्रों का स्थानीय लोगों से झगड़ा हुआ था और अरब के छात्रों ने स्थानीय लोगों से मारपीट कर दी थी। दावा किया जा रहा है कि इसका आरोप पाकिस्तानी छात्रों पर लगा और स्थानीय लोग पाकिस्तानी छात्रों पर टूट पड़े। स्थानीय लोगों के हमले में तीन पाकिस्तानी छात्रों की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। कई अन्य छात्रों को भी निशाना बनाया गया है। स्थानीय लोगों ने छात्रों के हॉस्टल पर हमला किया और वहां मिले छात्रों को पीटा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस हॉस्टल पर हमला हुआ, उसमें कई भारतीय और बांग्लादेशी छात्र भी रहते हैं। ऐसे में इन छात्रों के लिए भी खतरा है।




#### फिलहाल स्थिति नियंत्रण में

भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि ह्यहम भारतीय छात्रों के संपर्क में हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे घरों के अंदर ही रहें और कोई भी समस्या होने पर दूतावास से संपर्क करें। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भी किर्गिस्तान के हालात पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा कि ह्यहम भारतीय छात्रों की भलाई के लिए बिश्केक में हालात पर नजर रखे हुए हैं। हालात फिलहाल नियंत्रण में है। हालांकि भारतीय छात्रों को फिलहाल घरों के अंदर ही रहने की सलाह दी जाती है और दूतावास के संपर्क में रहें।

### लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या, मास्क पहनने की सलाह

# सिंगापुर में फिर कोरोना का खतरा

**सिंगापुर।** सिंगापुर में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों ने दुनिया के दूसरे देशों में भी डर पैदा करना शुरू कर दिया है। क्या यह कोरोना की एक और नई लहर की वापसी है, क्या फिर कोरोना से दुनिया में हाहाकार मचने वाला है। ऐसे कई सवाल हैं, जो लोगों को परेशान कर रहे हैं। इसी बीच सिंगापुर कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या से हैरान है। यहां कोविड-19 की नई लहर देखने को मिल रही है। लगातार कोविड-19 के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पांच से 11 मई के बीच करीब 26000 मामले सामने आए। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्री ओंग ये कुंग ने मास्क पहनने की सलाह दी है।

मंत्री के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है, ह्यहम एक नई लहर की शुरूआत देख रहे हैं, जहां यह लगातार बढ़ रही है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि अगले दो से चार सप्ताह में लहर अपने चरम पर पहुंच सकती है। इसका मतलब साफ है कि जून के मध्य और अंत के बीच सिंगापुर में एक नई लहर देखने को मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्रालय (एमओएच) का कहना है कि पांच से 11 मई के बीच कोविड-19 मामलों की अनुमानित संख्या पिछले सप्ताह में 13,700 मामलों की तुलना में बढ़कर 25,900 हो गई। कोरोना महामारी के रोजाना आने वाले मामले 181 से बढ़कर लगभग 250 हो गए हैं।



#### घर पर देखभाल करने की सलाह

मंत्रालय ने कहा कि बिस्तर की क्षमता को बचाने के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं। सार्वजनिक अस्पतालों को अपने गैर-जरूरी वैकल्पिक सर्जरी के मामलों को कम करने और उपयुक्त रोगियों को संक्रमणकालीन देखभाल सुविधाओं में स्थानांतरित करने को कहा गया है। साथ ही हल्के फुल्के बीमार व्यक्ति की घर पर देखभाल करने को कहा है।

#### साल में एक बार टीकाकरण कराना विशेष रूप से महत्वपूर्ण

उन्होंने सिंगापुरवासियों को बीमार होने पर मास्क पहनने और घर पर रहने तथा टीकाकरण कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों या गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए साल में एक बार टीकाकरण कराना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें संक्रमण जल्दी चपेट में ले सकता है। स्वास्थ्य मंत्री ने उन लोगों से आग्रह किया, जिन्हें गंभीर बीमारी का सबसे बड़ा खतरा है। जैसे- 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति, चिकित्सकीय रूप से कमजोर व्यक्ति और वृद्ध देखभाल सुविधाओं के निवासी शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा, ह्यएक हजार बेड की क्षमता एक क्षेत्रिय अस्पताल के बराबर है। इसलिए मैं सोचता हूं कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को आने वाले समय के लिए खुद को तैयार करना होगा।

### हरियाणा के नूंह में कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा, कड़ा, कंगन, कुंडल और कपड़ों से हुई पहचान

# श्रद्धालुओं से भरी बस में लगी आग, 10 जिंदा जले

**गुरुग्राम।** हरियाणा के नूंह में कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार देर रात करीब 1:30 बजे भीषण हादसा हुआ। यहां श्रद्धालुओं से भरी बस में आग लग गई। आग्निकांड में दस यात्री जिंदा जल गए। जबकि 28 झुलस गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार सभी लोग पंजाब के रहने वाले हैं।

बस में सवार यात्री बीते शुक्रवार को एक टूरिस्ट बस किराए पर लेकर बनारस और मथुरा वृंदावन दर्शन के लिए निकले थे। वृंदावन में सुबह 6:30 बजे पहुंचने के बाद शुक्रवार रात 10:30 बजे बस होशियारपुर के लिए वापस निकली थी। बस में 60 लोग सवार थे। जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। यह सभी नजदीकी रिश्तेदार थे। जो पंजाब के लुधियाना होशियारपुर और चंडीगढ़ के रहने वाले थे। शुक्रवार-शनिवार की रात वह दर्शन कर वापस लौट रहे थे। देर रात डेढ़ बजे के करीब बस में आग लग गई। हादसे से आधा घंटा पहले पेट्रोल पंप पर बस रुकी थी। पेट्रोल पंप पर 30 मिनट तक बस खड़ी रहने के दौरान एसी चल रहा था। शुरूआती जांच में सामने आया है कि एसी में शॉर्ट सर्किट से बस में आग लगी है।



#### बस से कूदकर बचाई जान

चलती बस में आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बस में सवार पीड़ित श्रद्धालु सरोज पुंज और पूनम ने बताया कि वह आगे की सीट पर बैठी हुई थी। उन्होंने बस से कूदकर जान बचाई। घटनास्थल पर मदद के लिए पहुंचे ग्रामीण साबिर, नसीम, साजिद, एहसान आदि ने बताया कि देर रात करीब 1:30 बजे एक चलती बस में उन्हें आग की लपटें दिखाई दी। उन्होंने आवाज लगाकर चालक को बस रोकने को कहा, लेकिन बस नहीं रुकी।

#### बाइक सवार ने ड्राइवर को दी आग लगने की जानकारी

एक युवक ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर बस का पीछा किया और चालक को आग लगने सूचना दी। फिर बस रुकी, लेकिन तब तक बस में आग काफी तेज हो चुकी थी। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। इस बीच बस का चालक भागते हुए ट्रैफिक थाने में पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर ट्रैफिक थाना के 25 पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से खिड़की तोड़-तोड़कर लोगों को बाहर निकाला। इनमें से कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे में दस लोगों की मौत हो गई, 28 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### मरने वालों में तीन लोग एक ही परिवार के

कड़ा, कंगन, कुंडल और कपड़ों से मृतकों की पहचान की गई है। मरने वालों में छह लोग होशियारपुर के शालीमार नगर के रहने वाले हैं। इनमें से तीन एक ही परिवार के हैं। मरने वालों में गौतम पुत्र राकेश कुमार, शशि सुनीला, सुनीता, अमरावती उषा, शारदा और सुनीता बताए जा रहे हैं। मृतकों में 12 साल की बच्ची योगिता भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि राकेश कुमार पिछले 20 साल से हर साल अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को तीर्थ यात्रा पर ले जाते थे। हादसे में राकेश कुमार की पत्नी और बेटे की भी मौत हो गई है। कांग्रेस नेता और गुड़गांव (हरियाणा) लोकसभा सीट से उम्मीदवार राज बब्बर ने नूंह बस हादसे के पीड़ितों से मुलाकात की। राज बब्बर ने कहा कि ह्यबहुत ही दर्दनाक और दुखद घटना है जिसमें कुछ लोग मथुरा-वृंदावन से आ रहे थे और बस में अचानक आग लग गई। आठ से ज्यादा लोगों की जलकर मृत्यु हुई है।

### इसरो प्रमुख ने बताया नायाब तरीका, बोले- इससे समाज बदल जाएगा

# युवाओं को मंदिर लाने के लिए खोलना चाहिए लाइब्रेरी

**तिरुवनंतपुरम।** इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ ने देश के युवाओं को मंदिरों से जोड़ने के लिए एक नायाब तरीका बताया है। उन्होंने दावा किया कि इस तरीके से समाज में बड़ा बदलाव आएगा। दरअसल एस सोमनाथ ने कहा कि मंदिरों में लाइब्रेरी खोलनी चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवा मंदिर आएं। एस सोमनाथ को तिरुवनंतपुरम के श्री उदियनुर देवी मंदिर में एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसी दौरान उन्होंने ये सुझाव दिया।

इसरो प्रमुख ने कहा कि ह्यमंदिर सिर्फ पूजा के स्थान नहीं होने चाहिए, जहां बड़े बुजुर्ग भगवान के नाम का जाप करने आएं बल्कि उन्हें ऐसी जगह बनना चाहिए, जो समाज में बदलाव लेकर आएं। एस सोमनाथ ने मंदिर प्रबंधन समिति से अपील की कि युवाओं को मंदिर लाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। इसरो चीफ ने कहा ह्यमैं उम्मीद कर रहा था कि इस अवार्ड समारोह में बड़ी संख्या में युवा भी आएंगे, लेकिन किन्हीं कारणों से यह संख्या कम है। मंदिर समिति को ऐसे कदम उठाने चाहिए, जिनसे युवा भी मंदिर आएं। मंदिरों में लाइब्रेरी बनाना कैसा रहेगा?



#### समाज में लाया जा सकता है बड़ा बदलाव

इसरो प्रमुख ने कहा ह्यऐसी पहल की जानी चाहिए कि युवा मंदिर आएं, जहां वे पढ़ सकें, विभिन्न मुद्दों पर बहस कर सकें और अपना करियर भी बना सकें। अगर मंदिर समितियां इस दिशा में आगे बढ़ती हैं तो इससे समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। एस सोमनाथ ने इसरो के पूर्व प्रमुख जी माधवन नायर से यह अवार्ड लिया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य सचिव के जयकुमार और विधायक वीके प्रशांत समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भीषण लू की चपेट में उत्तर भारत

# राजस्थान-दिल्ली समेत कई राज्यों में प्रचंड गर्मी का अलर्ट

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी से इन दिनों आम जनजीवन प्रभावित चल रहा है। मौसम विभाग ने 21 मई तक कई राज्यों में लू (हीटवेव) का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर भारत इन दिनों भीषण लू की चपेट में है और राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में 17 मई से लेकर 21 मई तक भयंकर लू चलने की आशंका है।

मौसम विभाग ने पश्चिमी राजस्थान में लू के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पूर्वी राजस्थान के लिए लू का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश, झारखंड, बंगाल में गंगा के तटीय इलाकों और ओडिशा के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। गौरतलब है कि गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ़ चुका है कि शुक्रवार को दिल्ली का नजफगढ़ इलाका देश में सबसे ज्यादा गर्म दर्ज किया गया। नजफगढ़ में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश, गुजरात के कई इलाकों में 17-21 मई तक, बिहार में 17-20 मई तक, झारखंड में 19-20 मई, उत्तर मध्य प्रदेश में 18-21 मई, बंगाल में 18-20 मई और ओडिशा में 20-21 मई को हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। बता दें जब मैदानी इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच जाता है और पहाड़ी इलाकों में 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर तो उस स्थिति को हीटवेव की स्थिति माना जाता है। हिमाचल के ऊना में शुक्रवार को 43.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं आगरा में 46.9 डिग्री सेल्सियस, चंडीगढ़ में 44.5 डिग्री सेल्सियस, राजस्थान के बाड़मेर में अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस और दिल्ली के आयानगर का अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्यिस दर्ज किया गया।



## दुबई के पास मिला 1600 साल पुराना मोतियों का शहर

**अबूधाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के पुरातत्वविदों ने अपने ही देश में एक प्राचीन शहर की खोज की है। यह शहर दुबई से करीब 42 मील दूर उत्तर-पूर्व में अल सिन्नियाह द्वीप पर मिला है। इस नई खोज के बाद क्षेत्र के प्रारंभिक इतिहास के बारे में पता चला है। इस जगह को पर्लिंग सिटी यानी मोतियों का शहर कहा जा रहा है। अल सिन्नियाह द्वीप पर्यटकों के लिए लंबे समय से आकर्षण का केंद्र रहा है। ऑर्कियोलॉजिस्ट का मानना है कि अल सिन्नियाह द्वीप पर जो बस्तियों के खंडहर और अवशेष मिले हैं, वे चौथी शताब्दी के आसपास के हैं, ये कम से कम 1600 साल पुराने हैं। अमेरिकन अखबार मियामी हेराल्ड के मुताबिक, वैज्ञानिकों ने बताया कि इस जगह से कई बड़े जार मिले हैं, जिन्हें मेसोपोटामिया से आयात किया गया था। दो जगहों पर आरामी शिलालेख भी मिले हैं, इन्हें पहली से चौथी शताब्दी के बीच का बताया जा रहा है। पुरातत्वविदों का मानना है कि अल सिन्नियाह द्वीप पर मिले खंडहर तवाम के खोए हुए शहर हो सकते हैं। वैज्ञानिक इसे पर्लिंग सिटी कह रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि पर्लिंग का मतलब समुद्र में गोता लगाने की प्रथा से है। ऐसे लोग जो मोती और अन्य समुद्री जीवों को खोजने के लिए पानी में गोता लगाते रहे हों।

**फायदा** | सूरत में शुरू हो रहा खास कोर्स, आईडीआई ने गुजरात सरकार के कौशल्य द स्किल विश्वविद्यालय के साथ किया समझौता

# अब ज्वेलरी-डायमंड में भी मिलेगी ग्रेजुएशन की डिग्री

**सूरत।** गुजरात की हीरा नगरी सूरत आज देश ही नहीं, दुनिया भर में विख्यात है। सूरत में हजार से ज्यादा डायमंड कट और पॉलिश कंपनियां हैं। 500 से ज्यादा ज्वेलरी निर्माण इकाइयां हैं। लेकिन सूरत में कई बार उन्हें अच्छे और स्किल्ड कर्मचारी नहीं मिलते हैं। इसलिए इंडियन डायमंड इंस्टीट्यूट ने बीएसई इन ज्वेलरी डिजाइनिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग डिग्री कोर्स शुरू किया है। सूरत में डायमंड और ज्वेलरी का यह पहला ग्रेजुएशन कोर्स है। इस डिग्री कोर्स के लिए आईडीआई ने गुजरात सरकार के कौशल्य द स्किल विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता किया है।

दरअसल, अभी तक डायमंड सिटी सूरत में ज्वेलरी डिजाइन और डायमंड के कोर्स कई संस्थानों में करवाया जाता है। लेकिन इस संस्थानों द्वारा सिर्फ सर्टिफिकेट ही दिया जाता है। अब जो छात्र इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते है। उन्हें आईडीआई द्वारा शुरू किए गए इस कोर्स का फायदा होगा। साथ ही ये कोर्स छात्रों को इस क्षेत्र में नौकरी दिलाने में भी मददगार साबित होगा। आईडीआई के चेयरमैन दिनेश नावडिया का कहना है कि देशभर में डायमंड और ज्वेलरी उद्योग में स्किल कर्मचारी बहुत कम मिलते हैं। इसलिए संस्थान ने इस तरह के कोर्स करवाने का फैसला लिया है। आईडीआई ने राज्य सरकार की कौशल्य द स्किल यूनिवर्सिटी से समझौता किया है। छात्र डायमंड और ज्वेलरी क्षेत्र में ग्रेजुएशन कर सकता है। इस कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।





निवेश और निजी खपत बढ़ना है कारण, चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा

# संयुक्त राष्ट्र ने भारत के लिए बढ़ाया विकास दर का अनुमान



**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने 2024 के लिए भारत के आर्थिक विकास अनुमानों को 6.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया है। यह मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है। इससे पहले आईएमएफ ने भी देश के विकास के पूवानुर्मान को बढ़ाया था। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं शीर्षक से अपने मिड ईयर अपडेट में पुष्टि की है कि भारत इस वित्त वर्ष में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। वहीं, आईएमएफ ने अपने नवीनतम दृष्टिकोण में, 2024 के लिए भारत के विकास अनुमानों को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है।

संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने कहा कि चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है। इससे भारत की आर्थिक वृद्धि काफी बेहतर हुई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण व नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से कहा, भारत को अन्य पश्चिमी स्त्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है, क्योंकि चीन में कम से कम विदेशी निवेश जा रहा है। भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश स्त्रोत या गंतव्य बन गया है। मुझे लगता है कि इससे भारत को फायदा हो रहा है। वह वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024 के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों पर जानकारी दे रहे थे। वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि संबंधी अनुमान को संशोधित किया गया है। यह अनुमान जताया गया है कि इस वर्ष देश की अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

वर्ष 2024 के मध्य तक वैश्विक आर्थिक स्थिति व संभावनाओं संबंधी जारी आंकड़ों में कहा गया, भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है। हालांकि, कमजोर बाहरी मांग का व्यापारिक निर्यात वृद्धि पर असर जारी रहेगा, औषधि और रसायनों के निर्यात में जोरदार वृद्धि की उम्मीद है।

मध्य वर्ष के ताजा आंकड़ों में भारत के लिए 6.9 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान इस साल जनवरी में संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए गए 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के अनुमान से अधिक है। चीन के लिए इसमें मामूली वृद्धि की गई है। अब चीन की 2024 में वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जिसका जनवरी में 4.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। चीन की वृद्धि दर 2023 की 5.2 प्रतिशत दर से घटकर 2024 में 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

नारायणमूर्ति बोले- सरकार दयालुतापूर्ण पूंजीवाद को अपनाए

# बेहतर शैक्षणिक संस्थानों के लिए फंडिंग बढ़ाना जरूरी



**नई दिल्ली।** आईटी उद्योग के दिग्गज एनआर नारायणमूर्ति और क्रिस गोपालकृष्णन को उम्मीद है कि आगामी सरकार ईमानदार उद्यमियों को खुली छूट देगी और देश के लिए धन सृजन में तेजी लाने में किसी भी बाधा को दूर करेगी।

इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति ने कहा कि वे चाहते हैं कि नई सरकार दयालुतापूर्ण पूंजीवाद को अपनाए क्योंकि अतीत में समाजवादी और कम्युनिस्ट व्यवस्था ने संतोषजनक परिणाम नहीं दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 99 प्रतिशत ईमानदार उद्यमियों को तेजी से आगे बढ़ने और देश में बहुत सारी नौकरियां पैदा करने के लिए मदद दी जानी चाहिए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को दंडित किया जाना चाहिए। आईटी क्षेत्र के दोनों दिग्गजों ने निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों की ओर से देश में अनुसंधान और उच्च शैक्षणिक संस्थानों के लिए फंडिंग बढ़ाने का भी समर्थन किया। एक्सिलर वेंचर्स के चेयरमैन कृष गोपालाकृष्णन ने कहा कि हमें प्राइवेट और पब्लिक दोनों तरह के रिसर्च के लिए फंडिंग बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अमेरिकी विश्वविद्यालयों- एमआईटी, हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, आदि को देखें- उन्हें अरबों डॉलर की फंडिंग मिलती है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि हमारे पूर्व छात्र हमारे संस्थानों में अधिक योगदान देंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमारे के संस्थान मुख्य रूप से सरकारी फंडिंग पर निर्भर करते हैं। मैं इस मामले में उद्योग जगत की अधिक भागीदारी देखना चाहता हूं। नारायणमूर्ति ने उनसे सहमति जताई और कहा कि अकादमिक संस्थानों में कुछ चीजों को बदलने की जरूरत है जबकि कॉरपोरेट जगत में पहले से ही काफी नवाचार हो रहा है। उन्होंने कहा, यदि कोई युवा उद्यमी किसी नए विचार पर काम शुरू करता है, तो हमें यह नहीं मानना चाहिए कि वे सभी विफल हो जाएंगे। एक बार जब सरकार नए विचारों, नए आइडियाज पर ध्यान देना शुरू कर देगी, तो चीजें बदलेंगी।

उन्होंने कहा, एक बार जब कंपनी कुछ वृद्धि हासिल कर लेती है तो उन्हें (जिन संस्थानों को शेयर दिए गए थे) लाभांश मिलेगा, जो अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण होगा और उनका मूल्य बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को भी देखना होगा कि अब से 20 या 50 साल बाद हमारा भविष्य क्या होगा।

64 साल में पहली बार 50 फीसदी से नीचे आई

# बिजली उत्पादन में घटी कोयले की खपत



**नई दिल्ली।** देश में बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी 64 साल में पहली बार घटकर 2024 की पहली तिमाही में 50 फीसदी से नीचे आ गई है। 1960 के दशक के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। जलवायु परिवर्तन के दौर में ये अच्छे संकेत हैं।

इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस की पावरअप पर नवीनतम तिमाही रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। इसके मुताबिक, जनवरी-मार्च में देश की बिजली उत्पादन क्षमता में जोड़ी गई रिकॉर्ड 13,669 मेगावाट (मेगावाट) बिजली में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा 71.5 फीसदी रहा। इसी के साथ भारत 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा का चलन बढ़ाकर 50 फीसदी से अधिक ले जाने के लक्ष्य से आगे निकल गया है। भारत 2030 तक ऊर्जा की नवीकरणीय क्षमता को तीन गुना करने का लक्ष्य रखने वाले कुछ देशों में से एक है। वहीं, बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी में गिरावट एक वैश्विक चलन भी दिखाती है।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी ने जारी किए रोचक आंकड़े, छह साल का रिकॉर्ड टूटा

# वर्ष 2023-24 में 1.76 करोड़ लोगों को मिला रोजगार

**नई दिल्ली।** देश में बेरोजगारी के बीच चौंकाने वाले आंकड़े आए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में 1.76 करोड़ लोगों को काम मिला है। वित्त वर्ष यह 2016-17 के बाद से सबसे अधिक वृद्धि है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी यानी सीएमआईई के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 40.57 करोड़ लोगों के पास काम था। 2023-24 में यह बढ़कर 42.33 करोड़ हो गया।

आंकड़ों के मुताबिक, 2022-23 की तुलना में 2023-24 में रोजगार लगभग 4.3 प्रतिशत बढ़ा है। रोजगार दर 2022-23 में 36.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 37.2 प्रतिशत हो गई। सबसे ज्यादा रोजगार कृषि और सेवा क्षेत्र में है। कुल रोजगार में इनका हिस्सा करीब 35-40 प्रतिशत है। उद्योग का हिस्सा 25 प्रतिशत है।

वित्त वर्ष 2023-24 में रोजगार में वृद्धि मुख्य रूप से सेवा क्षेत्र में भारी तेजी के कारण हुई। कृषि क्षेत्र में भी नौकरियां बढ़ीं, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई। सेवा क्षेत्र में वित्त वर्ष 2016-17 के बाद रोजगार का रिकॉर्ड बना है। इसी अवधि में कुल रोजगार में सेवाओं की नौकरियों की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2022-23 में 36.6 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 38.9 प्रतिशत हो गई। पिछले वित्त वर्ष की हिस्सेदारी कोरोना महामारी से पहले के वर्षों से भी ज्यादा अच्छी है। आंकड़ों के अनुसार, सेवा क्षेत्र में लगभग 70 प्रतिशत कार्यबल खुदरा व्यापार, होटल और पर्यटन और व्यक्तिगत गैर-पेशेवर सेवाओं में कार्यरत है।

### 1.6 करोड़ रोजगार 2023-24 में सेवा क्षेत्र में मिला

2023-24 में सेवा क्षेत्र में 1.6 करोड़ को नौकरियां मिलीं। इसमें से करीब 96 लाख को व्यक्तिगत गैर-पेशेवर सेवाओं में नौकरियां मिलीं। इनमें नाई, बढ़ई, प्लंबर जैसी कुशल नौकरियां शामिल हैं। गैर-कुशल सेवा प्रदाता जैसे माली, चौकीदार, समाचार पत्र वितरक भी शामिल हैं।

### खुदरा व्यापार में सर्वाधिक रोजगार

सेवा क्षेत्र में सबसे अधिक नौकरियां खुदरा व्यापार में हैं। इसमें मॉल, राशन की दुकानों में काम करने वाले, फेरीवाले और खुदरा बाजारों में छोटे व्यापारी समेत अन्य लोग हैं। 2023-24 में खुदरा व्यापार में 6.88 करोड़ लोग काम कर रहे थे। खुदरा व्यापार में रोजगार 2022-23 में बढ़ने के साथ 2023-24 में भी ऊंचे स्तर पर रहा।

## खेल

भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने संन्यास के बाद फैंस से की खास अपील

# मैं चाहता हूं कि लोग मुझे मेहनती खिलाड़ी के रूप में रखें याद

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने गुरुवार को संन्यास का एलान किया था। उन्होंने बताया था कि छह जून को वह कुवैत के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मुकाबला खेलेंगे। छेत्री के संन्यास से भारतीय फुटबॉल के एक युग का अंत हो जाएगा। वह 2011 से टीम इंडिया के कप्तान हैं। सुनील ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत साल 2005 में पाकिस्तान के खिलाफ की थी। वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल (94) करने वाले चौथे खिलाड़ी है। वहीं, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, अली डेई और लियोनेल मेसी के बाद सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उन्हें साल 2011 में अर्जुन पुरस्कार और 2019 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

संन्यास की घोषणा के बाद बताया कि वह चाहते हैं उनके फैंस उन्हें एक मेहनती और अच्छे दिखने वाले खिलाड़ी के रूप में याद रखें। छेत्री ने कहा, ह्लमैं चाहता हूं कि लोग मुझे एक मेहनती और अच्छे दिखने वाले खिलाड़ी के रूप में याद रखें। मैंने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया कि मैं अपने पीछे क्या छोड़कर जाऊंगा। मैं चाहता हूं कि जब फैंस मुझे याद करें, तो उन्हें सोचना चाहिए कि मैं एक मेहनती खिलाड़ी था।



### दो साल में कई रिकॉर्ड तोड़े

39 साल की उम्र में भी अभी छेत्री काफी फिट दिखते हैं और पिछले दो साल में कई रिकॉर्ड को धराशाई कर चुके हैं। ऐसा कहा जा रहा था कि सुनील ने बढ़ती उम्र, फिटनेस और थकान की वजह से संन्यास लिया है। अब छेत्री ने इन सभी रिपोर्ट्स को खारिज करते हुए खुद ही संन्यास के पीछे की वजह का खुलासा किया है। छेत्री ने बताया कि संन्यास के फैसले के पीछे शारीरिक कारण नहीं, बल्कि मानसिक पहलू है।

### फिटनेस पर बोले छेत्री

छेत्री ने कहा, ह्यसंन्यास का फैसला शारीरिक कारणों से नहीं लिया। मेरी फिटनेस अच्छी है और अभी भी दौड़ रहा हूं। डिफेंड कर रहा हूं, मेहनत करना मुश्किल नहीं है। यह फैसला मानसिक पहलू को ध्यान में रखकर लिया है।ह्व छेत्री ने हालांकि मानसिक स्वास्थ्य के मसले पर ज्यादा कुछ नहीं बताया। मौजूदा दौर में विभिन्न खेलों में यह खिलाड़ियों के बीच चिंता का विषय बना हुआ है। विराट कोहली समेत कई दिग्गज एथलीट्स के मानसिक स्वास्थ्य पर बात कर चुके हैं।

### एक साल बेंगलुरू एफसी के लिए खेलेंगे

छेत्री ने कहा, ह्यमैं खुद से लड़ रहा था। समग्र रूप से सोचने की कोशिश कर रहा था और अचानक यह फैसला लिया। एक साल बेंगलुरू एफसी के लिए खेलूंगा। घरेलू फुटबॉल कब तक खेलूंगा इस बारे में पता नहीं है। उसके बाद ब्रेक लूंगा।ह्व यह पूछे जाने पर कि क्या बतौर खिलाड़ी करियर खत्म होने के बाद क्या अब वह वह कोचिंग के बारे में सोचेंगे? छेत्री ने कहा, ह्यमैं कभी न नहीं कहूंगा। ब्रेक के दौरान इस पर सोचूंगा, लेकिन अभी यह मेरे एजेंडे में प्राथमिकता नहीं है।

सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में पहुंचे, अब चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा सामना

# थाईलैंड ओपन में भारत का डबल्स वर्ग में शानदार प्रदर्शन

**बैंकॉक।** भारतीय डबल्स जोड़ियों ने थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। भारत की शीर्ष पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने थाईलैंड ओपन में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान काबिज भारतीय जोड़ी ने इस सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में आरिफ और याप पर 21-7, 21-14 से आसान जीत हासिल की। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अंतिम चार चरण में चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी से होगा।



### महिला डबल्स जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंची

तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला डबल्स जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। इस जोड़ी को ली यू लिम और शेन सेउंग चान की छठी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई जोड़ी पर 21-15, 21-23, 21-19 से जीत हासिल करने के लिए एक घंटे 16 मिनट तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। सेमीफाइनल में भारतीय महिला जोड़ी का सामना शीर्ष वरीय थाईलैंड की जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजई की जोड़ी से होगा।

### मेईराबा का सफर समाप्त

एक तरफ जहां भारत को डबल्स वर्ग में सफलता मिली, वहीं युवा भारतीय शटलर मेईराबा लुवांग मैसनाम का शानदार सफर खत्म हो गया। उन्हें थाईलैंड के चौथे वरीय कुनलावुत वितिडसार्न से 12-21, 5-21 से हार का सामना करना पड़ा। मेईराबा ने हमवतन एचएस प्रणय पर उलटफेर भरी जीत करने के बाद पुरुष सिंगल्स के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन को 21-14, 22-20 से हराया था।

ओलंपिक कोटे के लिए नए सिरे से करना होगा संघर्ष

# परवीन हुड्डा के निलंबन से लगा भारत को झटका



**नई दिल्ली।** विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा के विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) द्वारा निलंबित किए जाने के बाद भारत की पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदों को झटका लगा है। अब देश को महिलाओं के 57 किग्रा वजन वर्ग में फिर क्वालीफाई करने की कोशिश करनी होगी। दरअसल, परवीन से पिछले 12 महीने में तीन बार उनका ठिकाना (वेयरअबाउट) पूछा गया, लेकिन उन्होंने नहीं बताया। जिसके बाद वाडा ने उनके खिलाफ कार्रवाई की।

पिछले साल एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी थी, जबकि वाडा नियमों के तहत यह जानकारी देना अनिवार्य है । यही वजह है उन पर 22 महीने का निलंबन लगाया गया है। इस संबंध में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने कहा, ह्लपरवीन हुड्डा को ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसी (आईटीए) द्वारा 22 महीने के लिए निलंबित किया गया है।ह्व हालांकि संबंधित एजेंसियों के साथ चर्चा के बाद, परवीन की सजा कम कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, अब उन्हें शुक्रवार से 14 महीने का निलंबन झेलना होगा।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने कहा, ह्लकई चचाओं के बाद आईटीए ने परवीन पर एक प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव दिया है जिसमें 22 महीने की अयोग्यता अवधि लागू करना शामिल है। इसे अब छह महीने पीछे की तारीख में कर दिया गया है। अब यह प्रतिबंध 17 मई 2024 से शुरू होकर 14 महीने का होगा।ह्व इसका अर्थ है कि परवीन इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों में भाग नहीं ले पाएंगी।

आखिरी ओलंपिक क्वालिफायर 24 मई से बैंकॉक में है। इससे भारत के पास महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में क्वालीफाई करने का एक और मौका होगा। लेकिन देश सिर्फ उन्हीं रिजर्व खिलाड़ियों को उतार सकता है जो 11 अप्रैल तक पंजीकृत हुई थीं। बीएफआई ने आगे कहा, ह्लइसका मतलब है कि केवल 60 किग्रा और 66 किग्रा वर्ग में रिजर्व के तौर पर शामिल हुई दो मुक्केबाज ही बैंकॉक में भाग लेने के लिए योग्य होगीं।

कुछ प्रत्याशियों के पार्टी बदलने और कुछ के दो सीटों पर चुनाव जीतने से बन रहे हालात

# प्रदेश की 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के आसार बढ़े

**भोपाल।** प्रदेश से लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां सिमट चुकी हैं। कुल 4 चरणों के मतदान पूरे होने के बाद अब इनके परिणाम पर नजर टिक गई है। इसी बीच अब प्रदेश में उप चुनाव के आसार मंडराने लगे हैं। पिछले दिनों तेज रहे दल बदल और लोकसभा चुनाव में कुछ विधायकों की मौजूदगी से यह हालात बने हैं।

लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सबसे ज्यादा सुरक्षित सीट के प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान मौजूदा विधानसभा के सदस्य भी हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी जीत पक्की और केंद्रीय मंत्रिमंडल में बेहतर विभाग मिलना भी अवश्यंभावी माना जा रहा है। इस स्थिति के चलते इस बात की भी प्रबल संभावना है कि शिवराज को अपनी जीती हुई विधानसभा सीट छोड़ना पड़ेगी। इसके चलते बुदनी विधानसभा पर उप चुनाव कराए जाना जरूरी हो जाएंगे।

लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद प्रदेश की 4 से 8 विधानसभा सीट पर उपचुनाव की संभावना है। ज्ञातव्य है कि लोकसभा चुनाव के पहले और इसी गहमा गहमी के दौर में कांग्रेस के तीन विधायकों ने पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ले ली है। जिसके चलते इन सीटों से इन विधायकों की सदस्यता शून्य हो गई है। कमलेश शाह के इस्तीफे के बाद अमरवाड़ा सीट, विधायक निर्मला सप्रे और रामनिवास रावत के बीजेपी में शामिल होने से भी इनकी विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है। नियमानुसार इन खाली हुई सीटों पर 6 माह की अवधि में उप चुनाव कराए जाना जरूरी है। इसके अलावा प्रदेश में 4 विधायक भी लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इन सीटों से सकारात्मक परिणाम आने पर इन्हें भी विधानसभा से सदस्यता छोड़ना पड़ेगी। जिसके फलस्वरूप यहां भी उपचुनाव कराने होंगे।




### सरकार स्थिर, घटेगी और बढ़ेगी सदस्य संख्या

विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा को भरपूर सीटों का प्रतिसाद जनता ने दिया है। इसके चलते प्रदेश सरकार से दो चार विधायक इधर उधर होने का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि यह जरूर है कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए विधायकों की संख्या पार्टी की सीमित विधायक संख्या से कम जरूर हो जाएगी। उप चुनाव में जीत हासिल करने के बाद यही विधायक भाजपा की संख्या बढ़ाने वाले साबित होंगे।

ट्रेन में हुई थी दोस्ती, पैसों के विवाद में ले ली जान

# किन्नर ने पत्थर से सिर कुचलकर वेंडर को उतारा मौत के घाट

**भोपाल।** भोपाल के खजूरी सड़क इलाके में एक किन्नर ने पत्थर से वेंडर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। दोनों भोपाल रेलवे स्टेशन से एक आटो में बैठकर मौके पर पहुंचे थे। घटना के दौरान किन्नर को पकड़ने का प्रयास कर रहे आटो चालक को भी नोंच लिया था। पुलिस ने आरोपी किन्नर के खिलाफ पहले हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। घायल की मौत के बाद आरोपी पर हत्या की धारा बढ़ा दी गई है। किन्नर ट्रेन में बैठकर भाग पाता, उसके पहले ही पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया।

पुलिस के मुताबिक स्टेशन रोड बैरागढ़ में रहने वाला विनोद बुलानी ट्रेनों में मूंगफली बेचने का काम करता था। इस दौरान ट्रेनों में नेग मांगने वाले किन्नर फरजाना से उसकी दोस्ती हो गई थी। बुधवार-गुरुवार की रात दोनों ट्रेन से भोपाल रेलवे स्टेशन पर उतरे। बाहर आने पर बैरागढ़ निवासी आटो चालक राजकुमार मिला। विनोद और फरजाना उसके आटो में सवार हुए और ढाबे पर चलने का बोला। गांधी नगर स्थित ढाबा बंद मिलने पर भौंरी की तरफ चलने का बोला। भौंरी ब्रिज के नीचे पहुंचाकर फरजाना ने आटो रुकवाया और राजकुमार को कुछ देर इंतजार करने का बोला। उसके बाद दोनों वहां से चले गए, जबकि राजकुमार आटो में ही बैठा रहा। करीब दस मिनट बाद फरजाना अकेला वापस लौटा तो राजुकमार ने दिनेश के बारे में पूछा। दिनेश को मारने की बात कहते हुए फरजाना ने वहां से भागने की कोशिश की तो राजकुमार ने उस पकड़ लिया। फरजाना ने उसे नोंच लिया और वहां से भाग निकला।



### भागने से पहले पुलिस ने आरोपी को दबोचा

घटना की सूचना मिलने के बाद खजूरी सड़क पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। इस बीच आरोपी की लोकेशन बैरागढ़ इलाके में मिली। खजूरी सड़क पुलिस ने बैरागढ़ पुलिस के सहयोग से फरजाना को बैरागढ़ की एक गली से दबोच लिया। वह ट्रेन में बैठकर उज्जैन भागने की फिराक में था। पूछताछ में पता चला कि आरोपी फरजाना किन्नर उज्जैन का रहने वाला है तथा ट्रेन में यात्रियों से नेग मांगता है। इसी दौरान उसकी दोस्ती मूंगफली बेचने वाले विनोद से हुई थी। घटना के समय दोनों के बीच पैसों को लेकर विवाद हुआ था, इसलिए फरजाना ने पत्थर से हमला किया था।

### आरपीएफ के जवान ने दी पुलिस को सूचना

राजकुमार ने विनोद को घायल अवस्था में पड़ा देख उसके घर वालों को सूचना देने के लिए निकल गया। इधर गश्त कर रहे आरपीएफ के जवान की नजर पड़ी तो उसने डायल 100 और एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई। घरवालों को सूचना देने के लिए निकले राजकुमार को रास्ते में एक अन्य आटो वाला मिला तो उसे घटना की जानकारी दी। उसके बाद राजकुमार वापस लौटा तो घायल को अस्पताल भेजा जा चुका था। गुरुवार दोपहर को पुलिस ने राजकुमार की रिपोर्ट पर किन्नर फरजाना के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। शुक्रवार को घायल की मौत के बाद हत्या की धारा बढ़ा दी गई है।

## अब तक 77 हजार स्टूडेंट्स ने ही वेरिफिकेशन कराया

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग कॉलेज में एक मई से यूजी और पीजी के विद्यार्थियों का प्रवेश प्रक्रिया शुरू की है। पहले चरण में प्रवेश प्रक्रिया काफी धीमी चल रही है। अब तक 77 हजार स्टूडेंट्स ने ही वेरिफिकेशन कराया है। पहले चरण में पंजीयन के लिए तीन दिन का समय और बचा है। मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक यूजी और पीजी में करीब 1.09 लाख स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। वहीं, 98,477 स्टूडेंट्स ने चॉइस लॉक की है।


टाईल्स ही टाईल्स
सबसे सस्ता...सबसे अच्छा
2x2 वीट्रीफाईड, डीजिटल, 3D
क्वालिटी की टाईल्स मात्र 270/- BOX
वह भी 1st ग्रेड की 16 फीट प्रति BOX
(25 BOX तक के स्टोक में उपलब्ध)
इन्दौर में 8 किमी तक भाड़ा फ्री रहेगा
10000/- की माल खरीदी के समय पेपर की कटिंग दिखाने पर 1000/- मूल्य का
गिफ्ट...एकदम फ्री पाएं..
उक्त स्कीम 10 मई से 30 मई तक ही मान्य रहेगी
मिक्स टाईल्स काफी कम रेट में उपलब्ध है
12x18 6 रु. फीट | 16x16 9 रु. फीट | 2x2 10 रु.फीट | 2x4 12 रु.फीट
कमलेश कुमार शाह टाइल्स
24/1 एवं 24/2 स्नेहलतागंज पत्थर गोदाम, इन्दौर
मो.98264-62970

### सेंट्रल जेल के बाहर युवक की हत्या, पैरोल खत्म होने के बाद साथी को छोड़ने आया था

भोपाल। राजधानी भोपाल में पैरोल खत्म होने के बाद साथ को छोड़ने आए युवक की बदमाशों ने हत्या कर दी। हत्या का कारण आपसी रंजिश बताया जा रहा है। मृतक की पहचान सुरेंद्र कुशवाह के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुरेंश अपने साथ ही को पैरोल खत्म होने के बाद सेंट्रल जेल छोड़ने आया था। यहां पर चार बदमाशों ने उसे पर हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। सूचना के बाद पहुंची गांधी नगर पुलिस ने युवक को एम्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान हो गई है। पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है।

## आरटीओ में सर्वर डाउन, दे रहे अगले सप्ताह की तारीख

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में आरटीओ ऑफिस कोकता बायपास पर शिफ्ट होने के बाद से लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए शहर से लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में अगर उन्हें एक काम के लिए बार-बार चक्कर काटना पड़े तो परेशानी और बढ़ जाती है। इस समय भोपाल आरटीओ में दो सर्वर डाउन होने की वजह से आवेदकों की परेशानी बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, करीब दो सप्ताह से सर्वर की चाल धीमी होने के कारण भोपाल के हजारों आवेदक परेशान हैं। परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस और लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू कराने को लेकर आवेदकों को कई दिनों से परेशानी उठानी पड़ रही है। जानकारी के लिए बता दें कि भोपाल आरटीओ में एक मई से लगातार सर्वर डाउन चल रहा है, जिसके चलते लोगों को चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इसके बाद भी इस व्यवस्था पर कोई सुधार की संभावना नहीं दिख रही है। आरटीओ के अधिकारियों का कहना है कि सोमवार से व्यवस्था में सुधार हो जाएगा। दरअसल, यहां सारथी परिवहन पोर्टल के अपग्रेडेशन का किया जा रहा है। इस कारण शुक्रवार को भी ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े काम नहीं हुए। इसके पहले गुरुवार को भी लाइसेंस नहीं बन सके।



विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर भोपाल में नौ हजार से अधिक लोगों की हुई जांच, दो लोग 30 साल से कम उम्र के

# ब्लड प्रेशर की जांच कराना हर व्यक्ति के लिए जरूरी

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय में आयोजित शिविर में 132 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से ब्लड प्रेशर के 26 नए मरीज मिले हैं। इनमें से दो मरीज 30 साल से कम उम्र के मिले हैं। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित शिविर में 265 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 67 लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या पाई गई। इन सभी को ब्लड प्रेशर नियमित जांच, फॉलोअप, खान-पान और लाइफ स्टाइल में सुधार की सलाह दी गई। इन शिविरों में उच्च रक्तचाप के लक्षणों की पहचान, उच्च रक्तचाप नियंत्रण एवं बचाव की जानकारी भी दी गई।

भोपाल के 14 श्रमिक पीठों पर आयोजित किए जा रहे विशेष शिविरों में 1819 श्रमिकों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने हेतु दैनिक क्रियाकलापों, भोजन, व्यायाम, तनाव प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों से पौष्टिक एवं लो कोलेस्ट्रॉल व्यंजन बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर माने जाने वाली बीमारी है। यह बीमारी युवाओं में भी देखने को मिल रही है। इसका प्रमुख कारण अनियमित जीवनशैली, शारीरिक श्रम का अभाव, तनाव, सिगरेट, बीडी, तंबाकू, शराब का उपयोग करना है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों से ग्रस्त लोगों में हृदय रोग होने की संभावना भी बढ़ जाती है।

उच्च रक्तचाप के उपचार हेतु शासन द्वारा सभी दवाइयां निशुल्क उपलब्ध हैं। यह दवाइयां जिला चिकित्सालय से लेकर हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों पर चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दी जाती है। असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में ब्लड प्रेशर व मधुमेह की निशुल्क जांच की जाती है। आहार एवं जीवन शैली को नियमित करने के साथ ही नियमित रूप से ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच करवाना हर व्यक्ति के लिए बेहद जरूरी है।

हृदय रोग संबंधी बीमारियां युवा वर्ग में भी दिखाई दे रही है। इसलिए 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को भी रक्तचाप की नियमित रूप से जांच करवाना जरूरी है। भोपाल जिले में संचालित आईएचसीआई कार्यक्रम अंतर्गत 18 साल से अधिक उम्र के लोगों की ब्लड प्रेशर की जांच सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निशुल्क की जाती है।




स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.ली. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड़, इंदौर (मध्य प्रदेश) पिन- 452011 से प्रकाशित। संपादक - मिलिंद बायवार*। आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117 मो. 07313144237, 83570-89000, Email: mradubhashi.news@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)

# शहर के नाले बने नालियां, वर्षा के सीजन में नहीं होती जल निकासी, घरों में भरता है पानी

## शहर के अधिकांश नाले अतिक्रमण की चपेट में, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

**सारंगपुर।** शहर के पानी की निकासी के लिए एक दर्जन बडे नाले हैं, लेकिन यह नाले कई कालोनी चौराहे की जमीन से निकले हैं, जिससे इन पर अतिक्रमण हो रहा है और इसके कारण सफाई भी नहीं हो पा रही है। वर्षा के सीजन में यह नाले लोगों के लिए मुसीबत बनते है, क्योंकि पानी निकासी न होने से जगह-जगह पानी का भराव होता है।

शहर में कई जगह नालों के ऊपर पक्का अतिक्रमण हो चुका है और कई स्थानों पर अभी भी जारी है। नाले के ऊपर मकान बन गए या फिर कुछ हिस्सा नाले पर है। अतिक्रमण के चलते नालों की सफाई करना भी मुश्किल हो रहा है। देखने में आया है की धीरे-धीरे नाले गायब होते जा रहे हैं। वर्षा के साथ-साथ अन्य मौसम में भी नालों में सही निकासी न होने के कारण पानी जमा होता है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। ज्ञात हो कि पिछले सालों में तेज वर्षा के चलते भेरूदरवाजा स्थित दुकानों, बजरंग कालोनी, बदलीपुरा सहित कई रहवासी क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पानी निकासी न होने के कारण घरों में पानी घुस गया था।




### राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो पा रहे नाले

विश्वसनीय सूत्रों की माने तो राजस्व रिकॉर्ड में शहर के महज कुछ चुनिंदा नाले ही दर्ज है, बाकी नाले दर्ज नहीं किए गए है और न ही इस और अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया गया है। यह नाले वर्षों पुराने हैं और पूरे शहर की पानी की निकासी इनसे होती है, लेकिन इन्हें राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं कराया जा रहा है। राजस्व रिकॉर्ड में नाले दर्ज न होने के कारण न तो इनका सीमांकन हो पा रहा है और न ही अतिक्रमण को रोका जा रहा है।

### नालियों के ऊपर भी अतिक्रमण

लोगों द्वारा इन दिनों नाले नालियों पर होने वाले अस्थायी, स्थायी अतिक्रमण भी नहीं हटाए जाते हैं, जिससे सफाई कार्य भी ठीक ढंग से नहीं हो पाता है। मुख्य मार्गों पर नालियों के ऊपर अतिक्रमण कर दुकानें संचालित हो रही हैं, जिससे कर्मचारियों को सफाई करने में परेशानी होती है और बदबू फैलती है।

### वर्षो से हो रहा सार्वजनिक उपयोग

पूर्व में शहर के जिन जगहों से नाले निकले हैं, वहां वर्षों से सार्वजनिक उपयोग हो रहा है, लेकिन अब इनपर अतिक्रमण होने लगा है। नालों को सुरक्षित करने के लिए प्रशासन के पास कोई प्लान भी नहीं है।

अकोदिया रोड कन्वेंट स्कूल से लेकर आदर्श कॉलोनी अस्पताल रोड बदलीपुरा अंबिका पुरी कॉलोनी भेरु दरवाजा रोड नाला। दशहरा मैदान से कीडी रोड का नाला। नपा के पीछे मदन गंगा गार्डन के समीप निकलने वाला नाला। पुलिस एसडीओपी कार्यालय के सामने का नाला। रहवासी क्षेत्र सिदाखाल से काली मस्जिद तक निकलने वाला नाला। न्यू बस स्टेंड मस्जिद के पास का नाला।

**बोले जिम्मेदार**

आगामी मानसून को देखते हुए शहर के सभी छोटे बडे नालों की सफाई नपा द्वारा कराई जाना है। रही बात अतिक्रमण की तो नालों पर कब्जा करने वालों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

एलएस डोडिया, सीएमओ,
**नगरपालिका परिषद, सारंगपुर।**

# पर्यावरण प्रेमी शिक्षक परिहार से प्रेरित हो कृषक ने लगाया पौधों का शतक

**मक्सी।** ग्राम रोजवास निवासी पर्यावरण प्रेमी शिक्षक परिहार पर्यावरण जागरूकता हेतु लोगो को जागरूक करने का काम करते हुए स्वयं पौधा रोपण करते रहते है उन्ही की प्रेरणा से उनके ही ग्राम रोजवास के एक कृषक ने अपनी निजी भूमि पर बड़ी संख्या मे पौधा रोपण किया



। रोजवास निवासी तेजाराम राणावत ने अपनी कृषि भूमि पर अतिरिक्त भूमि पर लगभग 101 पौधे लगाकर उन्हे पेड़ बनाया । श्री राणावत ने पर्यावरण प्रेमी शिक्षक देवी सिंह परिहार से प्रेरणा लेकर आम के 21 पौधे अमरूद के 5 सीताफल के गुड़हल के 7 जामुन के 5 मधु कामिनी के 4 शहतूत के 5 सीताफल के 25 नीम के 4 नींबू के 5 पीपल के 2 बकान के 3 महुआ के 2 बूंदी के 2 सुरजना 5 बेर के 2 सुबबुल के 4 इस प्रकार अपनी दो बीघा जमीन के तीनों और 101 कुल पौधे लगाए। श्री राणावत के पोधारोपण के कारण उपरोक्त स्थान हरा भरा बन गया है।

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा नगर कोतवाल का दरबार

## 5 करोड़ की राशि से होंगे निर्माण कार्य, विधायक ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाजापुर।** नगर की सुरक्षा करने वाले भैरव महाराज का दरबार अब पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। यहां आकर्षक, ब्लॉक, गार्डन, सीढ़ियों का चौड़ीकरण सहित बच्चों के मनोरंजन के लिए भी साधन उपलब्ध रहेंगे, जहां लोग आस्था के साथ आनंद का अनुभव भी करेंगे। इसके लिए 5 करोड़ की राशि से विकास कार्य किए जाएंगे।



श्रद्धालुओं के लिए क्या सुविधाएं होना चाहिए और यह स्थान आकर्षक होगा इसके लिए क्या किया जा सकता है। इसके लिए विधायक अरूण भीमावद ने भैरव टेकरी का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर इस पर जल्द से जल्द काम शुरू करने को भी कहा। इसके बाद वे टेकरी के पास स्थित तालाब पर भी पहुंचे और सके जीर्णोद्धार के लिए भी कहा। वहीं यहां पर्यटन क्षेत्र विकसित करने के लिए क्या-क्या काम किए जा सकते हैं इसे लेकर भी योजना बनाई जिसे मूर्तरूप देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

भैरव टेकरी पर 5 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य किए जाएंगे। इस राशि से यहां सीढ़ियो का चौड़ीकरण, सीढ़ियों पर रैलिंग, मंदिर पर लगे टीनशेड का विस्तार, पैवर ब्लॉक, परिसर में हॉल का निर्माण, आकर्षक गार्डन, 100-200 मीटर की दूरी पर सीढ़ियों पर श्रद्धालुओं को आराम के लिए स्टॉपेज का निर्माण, अमृत योजना के तहत तालाब का जीर्णोद्धार होगा।

विधायक अरूण भीमावद के अथक प्रयासों से नर्मदा का पानी जिले में पहुंच चुका है।जिसका लाभ जल्द ही जिलेवासियों को मिलेगा। इससे कोई खेत, तालाब और स्टॉपडेम खाली नहीं रहेगा। इसके अलावा पेयजल के लिए भी जल्द ही जिलेवासियों को यह पानी उपलब्ध होगा। अब विधायक द्वारा नगर कोतवाल के दरबार के विकास का बीड़ा उठाया है। ताकि यहां लोगों की आवाजाही बढ़े और नगर को एक विकसित पर्यटन स्थल मिले।

# देश के बदलते हालत को सुधारने के लिए समझाया संस्कृत का महत्व

## संस्कृत माता-पिता की सेवा सिखाती है, पाश्चात्य संस्कृति अनाथ आश्रम भिजवाती है

**सारंगपुर।** संस्कृत भारतीय का क्षेत्रीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को संस्कृत ग्राम झिरी में किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित राज्य मंत्री स्वत्रंत प्रभार नारायण सिंह पंवार, विधायक अमरसिंह यादव, क्षेत्रीय संयोजक भरत बैरागी आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम विशेष अतिथि के रुप में मध्यभारत प्रान्त के प्रांत संघठन मन्त्री जगेश्वर पटले रहे तथा प्रान्त उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पांडेय ने अध्यक्षता की। इसके अतिरिक्त प्रान्त सह समरसता प्रमुख लक्ष्मीनारायण चौहान, विभाग संघ चालक उदयसिंह चौहान, संस्कृत भारती जिलाध्यक्ष मोहन नागर, विभाग सयोजक नरवर पावर, जिला मंत्री चन्दरसिंह तोमर,जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण बैरागी, संस्कृत भारती नगर अध्यक्ष सालगराम चौहान, सरपंच रामनारायण चौहान उपस्थित




रहे। सर्वप्रथम मंत्री नारायण सिंह पवार ने संस्कृत में अपने उद्बोधन में देश के महत्व को समझाया और संस्कृत का महत्व भी बताया। वही विधायक अमरसिंह यादव ने देश के बदलते हालत को सुधारने के लिए संस्कृत के महत्व को समझाया। वही विभाग संघचालक उदयसिंह चौहान ने देश मे संस्कृत के बिना संस्कार व पाश्चात्य संस्कृति से देश में होने वाले नुकसान को बताया। वहीं क्षेत्रिय सयोंजक भरत बैरागी ने कहा कि लार्ड डलहौजी के समय देश की में 100 प्रतिशत शिक्षा थी किंतु उन्होंने देश की शिक्षा पद्धति को नष्ट करने व देश को गुरुकुलों को समाप्त किया, जिससे आज देश मे परिवार विघठित हो रहे हैं। एक युग था जब राम अपने पिता की आज्ञा से 14 वर्ष के लिए बनवास गए थे परन्तु आज माता पिता को अनाथ आश्रम में भेजा जा रहा है। संस्कृत माता पिता की सेवा सिखाती हैं व पाश्चात्य संस्कृति अनाथ आश्रम में भिजवाती हैं। सभी वक्ताओं ने सँस्कृत व संस्कृत भारती के महत्व को समझाया। अंत मे प्रांत उपाध्यक्ष पाण्डेय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर बाथम ने किया नाले और तालाबों का निरीक्षण

**रतलाम ।** कलेक्टर श्री राजेश बाथम ने शनिवार को शहर में तालाबों तथा नाले का निरीक्षण किया। वर्षा के दृष्टिगत नाला निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने निगम आयुक्त श्री हिमांशु भट्ट को निर्देशित किया कि नालों की व्यवस्थित सफाई कराई जाए। नागरिकों की परेशानी दूर करने के लिए संवेदनशीलता के साथ नालों के सुधार हेतु योजना बनाई जाए। कलेक्टर द्वारा निगम आयुक्त को शहर के सभी नालों के सुधार तथा उनसे संबंधित अन्य कार्यों हेतु योजना बनाकर कार्य तत्कार प्रारम्भ करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री बाथम ने शहर के हनुमान ताल का निरीक्षण किया। साथ में मौजूद कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश व्यास द्वारा हनुमान ताल पर शासन की योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों तथा टेंडर की स्थिति से अवगत कराया। कलेक्टर द्वारा शहर के सुतारों का वास पहुंचकर बहते नाले का निरीक्षण किया गया, कलेक्टर ने गंदगी के दृष्टिगत नाले की व्यवस्थित सफाई करने के निर्देश दिए। शहर के अमृतसागर तालाब का भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया। यहां जलकुंभी के फैलाव को देखते हुए निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि जलकुंभी की सफाई के लिए एक मशीन पर्याप्त नहीं है दो मशीनों द्वारा सफाई करवाई जाए। वर्तमान में चल रही मशीन अपेक्षित गति से सफाई नहीं कर पा रही है। मशीन के कार्य की तुलना में जलकुंभी तेजी से फैल रही है इसलिए दो मशीनों से कार्य लिया जाना आवश्यक है। इस तालाब के सामने रोड के पार पड़ी गंदगी तथा कचरे को भी हटाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचकर कलेक्टर ने निगम द्वारा शहर के कचरे के निष्पादन की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। कलेक्टर द्वारा कचरा पृथक्कीकरण तथा प्लास्टिक कचरे से गत्ता निर्माण का निरीक्षण किया गया। इसी परिसर में श्वानों की नसबंदी हेतु संचालित यूनिट का निरीक्षण भी कलेक्टर ने किया। इस दौरान निगम के कार्यपालन सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार आदि उपस्थित थे।

# असाड़ा राजपूत समाज ने निकाली वाहन रैली भारत माता की जय के नारों से गूंजा नगर





**आलीराजपुर।** स्थानीय असाड़ा राजपूत समाज द्वारा श्री महाराणा प्रताप जयंती महोत्सव की पूर्व संध्या पर वाहन रैली आयोजित की गई। राजपूत समाज के अध्यक्ष रिंकेश सिंह तंवर एवं मीडिया संयोजक उमेश सिंह वर्मा (कछवाहा) ने बताया कि महाराणा प्रताप जी की जयंती के *18 मई के आयोजन की पूर्व संध्या पर सायं 7 बजे महाराणा प्रताप भवन (राजपूत समाज) से विशाल वाहन रैली प्रारंभ होकर बस स्टैंड, एमजी, नीम चौक, पोस्ट आफिस रामदेव मंदिर, फतेह क्लब, हाटगली, रणछोड़राय मंदिर, उमराली रोड़ होते हुए नगर भ्रमण कर पुनः समाज भवन कार्यक्रम स्थल पर समापन हुआ। रैली में महाराणा प्रताप जी के जयकारों व भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारों से वातावरण गुंजायमान हो रहा था तत्पश्चात समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान का आयोजन किया गया हैं।* समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान समारोह समाज के पूर्व अध्यक्षों एवं अनुसांगिक संगठनों के अध्यक्ष ने अपने विचार रखते हुए समाज बंधुओं के सक्रियता से सामाजिक संगठनों के सदस्यों से दायित्वों का निर्वहन का आग्रह किया' 18 मई को सायं 5 बजे से *श्री प्रताप जी की प्रतिमा का पूजन पश्चात शौर्य यात्रा महाराणा प्रताप (राजपूत समाज )भवन से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो एमजी रोड़, बस स्टेंड,रणछोड़राय मार्ग, भगत सिंह मार्ग, महाराणा प्रताप मार्ग होते हुए पुनः समाज भवन (महाराणा प्रताप भवन) पर पहूंच कर सभा में परिवर्तित हो जायेगी। चल समारोह हेतु पुरुषों के लिए सफेद वस्त्र, कुर्ता पजामा, व स्त्रीयों के लिए राजपूताना पोशाक, केसरिया, साड़ी या उपलब्ध पोशाक मय राजपूताना साफा बांधकर समारोह में शामिल होने का आव्हान किया गया हैं । चल समारोह में जलपान, स्वागत एवं मंचीय व्यवस्था आदि की सुव्यवस्था हेतु गठित समिति को दायित्व दिये गये। सभा में मंचीय कार्यक्रम के तहत राजपूत संगठनों , राजस्थान, महाराष्ट्र,गुजरात , मध्यप्रदेश आदि स्थानों से पधारे अतिथियों का स्वागत सम्मान , श्री महाराणा प्रताप जी शौर्य गाथा पर उद्बोधन, समाज की प्रगति के संबंध में उद्गार, व तत्पश्चात समाजजनों हेतु सहभोज कार्यक्रम का आयोजन होगा ।

समाज के पदाधिकारीयों द्वारा समाज सदस्यों एवं जिले अंचल क्षेत्र के राजपूत संगठनों सदस्यों के घर-घर निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में सहभागिता करने हेतु अनुरोध भी किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था के संबंध में समिति का भी गठन किया गया' समाज पदाधिकारी उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह सिसौदिया, उपाध्यक्ष जयश्री गेहलोत, उपाध्यक्ष (भवन प्रभारी) रविंद्र सिंह गेहलोत, सचिव सत्येन्द्र सिंह चौहान, सहसचिव आशीष सिंह वाघेला, कोषाध्यक्ष रघुराज सिंह वाघेला, मीडिया संयोजक उमेश सिंह वर्मा (कछवाह) और आशीष सिंह वाघेला सहित समाज के सक्रिय सदस्यों को शामिल करते हुए समिति गठित कर कार्यक्रम हेतु दायित्व दिया गया' वाहन रैली को सफल बनाने में समाज के सैकड़ों सदस्यों ने सहभागिता की।

# झाबुआ जिले में आबकारी विभाग ने जब्त की लाखों की अवैध शराब

**झाबुआ।** जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु कलेक्टर नेहा मीना एवं मुकेश नेमा उपायुक्त संभागीय उड़नदस्ता इंदौर द्वारा सतत कार्यवाही हेतु दिये गये निदेर्शों के पालन में मदिरा धारण, परिवहन, चैर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती बसंती भूरिया के निर्देशन में 18 मई 2024 को मुखबिर की सूचना पर आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा वृत्त झाबुआ 'ब' में ग्राम छायन में मुखबिर द्वारा बताये स्थान लबाना मोहल्ला में पुराने कच्चे मकान पर दबिश दी गई एवं मकान की विधिवत तलाशी लेने पर कुल 15 पेटी रॉयल स्टैग व्हिस्की (कुल- 131.4 बल्क लीटर) विधिवत जब्त कर कब्जे आबकारी लेकर मोके पर से फरार आरोपी के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 एवं संशोधित अधिनियम 2000 की धारा 34(1)(क),34(2) के तहत



प्रकरण पंजीबद्ध करके विवेचना में लिया गया। उक्त जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य राशि रुपये 2,18,400/- है। उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री महादेव सोलंकी के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक विकास वर्मा द्वारा की गई एवं आबकारी उपनिरीक्षक श्री अकलेश सोलंकी एवं आबकारी स्टाफ कान्तु डामोर, प्रकाश भाबोर, सोहन नायक, श्रीराम शर्मा, मदन राठौर, पवन गाड़रिया, विजय चौहान एवं श्रीमती पुष्पा बारिया, विद्या डामोर का उल्लेखनीय योगदान रहा। जिले में अवैध मदिरा की बिक्री एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### लू अथवा तापाघात से बचाव के लिए एडवायजरी

**रतलाम ।** भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार मई महीने में औसत से अधिक तापमान होने की संभावना है । इसके कारण लू ( तापाघात ) की स्थिति निमित हो सकती है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आनंद चंदेलकर ने बताया कि लू ( तापाघात ) से बचाव हेतु यथासंभव दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें । पानी , छांछ , ओ.आर.एस. का घोल , या घर में बने पेय जैसे लस्सी , नीबू पानी , आम का पना , इत्यादि का सेवन कर तरोताजा रहें । धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें । कपडे , टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें । धूप में निकलने से पूर्व पानी का सेवन करें । पानी हमेशा साथ में रखें , शरीर में पानी की कमी ना होने दें ।